▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 130
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

# ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, मंगलवार 24 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


बीफ न्यूज

### पश्चिम बंगाल का नाम 'पश्चिम बंग' होगा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने राज्य का नाम बदलकर 'पश्चिम बंग' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को बताया कि कैबिनेट बैठक में प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसे 9 दिसंबर को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। विधानसभा से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

### एनवीडिया में फिर सीईओ बनाए गए जेनसन हुआंग



**नई दिल्ली।** एनवीडिया में बड़ा उलटफेर हुआ है। कंपनी के सह-संस्थापक जेनसन हुआंग 11 दिन बाद फिर सीईओ की कुर्सी पर लौट आए हैं। उन्होंने 12 नवंबर को इस्तीफा दिया था, लेकिन 23 नवंबर को बोर्ड ने सर्वसम्मति से उन्हें प्रेसिडेंट, सीईओ और बोर्ड डायरेक्टर नियुक्त कर दिया।कुछ दिन पहले तक बोर्ड उनकी वापसी के पक्ष में नहीं था।

### भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.1%



**नई दिल्ली।** आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.1% कर दिया है। जून में संगठन ने 6.3% वृद्धि का अनुमान था। मजबूत घरेलू मांग और नीतियों को अर्थव्यवस्था की तेजी का प्रमुख आधार बताया गया है। सरकारी उपायों से परिवारों और कंपनियों को ऊंची ऊर्जा कीमतों के असर से राहत मिली है।

### 37 जिलों में कल शाम तक नए जिला प्रमुख

**जयपुर।** प्रदेश के 37 जिलों में बुधवार 25 नवंबर को जिला प्रमुख के चुनाव होंगे, अगले दिन 26 को उप जिना प्रमुखों के चुनाव होंगे। बुधवार शाम तक सभी 37 जिलों के नए जिला प्रमुख बन जाएंगे। कांग्रेस और बीजेपी ने अभी जिला प्रमुख और उप जिला प्रमुख के उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। मंगलवार देर रात तक उम्मीदवारों को लेकर तस्वीर साफ हो जाएगी।

» अंदर विशेष


▪ अरावली की गोद में रची जा रही अंतरराष्ट्रीय कला की नई इबारत...
...पढ़े पेज 2 पर

▪ बाइक-बोलेरो की टक्कर में 4 घायलः मासूम के जबड़े में चोट
...पढ़े पेज 3 पर


संबंधों में मील का पत्थर साबित होगी अयोध्या-जनकपुर रेल लाइन सेवा की घोषणा

# नेपाल के प्रधानमंत्री की यात्रा से जगी उम्मीद, पटरी पर लौटेंगे भारत संग संबंध

ये जानकारी भारत-नेपाल के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बैठक के बाद हरिभूमि से बातचीत में विदेश मामलों के विशेषज्ञों ने दी है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमाम उतार-चढ़ाव के बीच आखिरकार नेपाल के प्रधानमंत्री ने अपनी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। जिसके तहत सोमवार को उनकी नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक हुई। विदेश मामलों के विशेषज्ञों ने हरिभूमि से बातचीत में नेपाल के पीएम की इस यात्रा को बीते वक्त में संबंधों में आई तल्खी के बीच सकारात्मक माना है। उनका कहना है कि इससे यह तो पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री शाह नई दिल्ली के साथ अपने देश के संबंधों के महत्व को भली-भांति समझ गए हैं। वहीं, अब ये उम्मीद भी जगी है कि दोनों देशों के संबंध पटरी पर लौटेंगे। लेकिन यहां हमें चीन की प्रतिक्रिया पर भी पैनी नजर बनाए रखनी होगी। क्योंकि हो सकता है कि वो भारत-नेपाल की इस बढ़ती हुई निकटता से सहज महसूस न करे और अपना प्रभाव काठमांडू पर बढ़ाने की कोशिश करे। जिसका परिणाम आगामी समय में नेपाल के पीएम की चीन यात्रा के रूप में हमारे सामने आ सकता है।

अलग खबर



### रेल लिंक से यूं बदलेगी संबंधों की तस्वीर

विदेश मामलों के विशेषज्ञ प्रोफेसर स्वर्ण सिंह ने कहा कि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की भारत के प्रति आक्रामक भाषा और उनका चीन को लेकर रहा जबरदस्त झुकाव एक ऐसी वजह रही कि उनके शासनकाल में कभी दोनों देश सब कुछ होते हुए भी बहुत अच्छी तरह से संबंधों में निकटता नहीं ला सके। लेकिन पड़ोसी देश के नए राष्ट्राध्यक्ष या कहें कि जेन-जी के अगुवा ने अपनी इस पुरानी राजनीतिक रवायत को बदलते हुए न केवल सबसे पहले नई दिल्ली की यात्रा कर यह साफ कर दिया है कि नेपाल भारत के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत-चीन के बीच संतुलन साधने की कोशिश

विदेश मामलों के पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा कि नेपाल के पीएम की यात्रा में जो समझौते हुए हैं। उनसे काठमांडू की अर्थव्यवस्था की हालत सुधरेगी, रेल लिंक सेवा से दोनों देशों के भावनात्मक रिश्तों में गहराई देखने को मिलेगी, पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा। मतभेद वाले मुद्दों को उजागर न कर नेपाली प्रधानमंत्री ने ये संकेत दिया है कि वो संबंधों को सकारात्मक दिशा में यानी सहयोग के साथ आगे बढ़ाना

### खत्म नहीं हुआ सीमा विवाद का मुद्दा

प्रो.सिंह ने कहा, दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने अपने साझा मीडिया बयान में भारत-नेपाल के बीच बने हुए विवादित सीमाई मुद्दों जैसे लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा का जिक्र नहीं किया। इसका यह अर्थ बिलकुल नहीं है कि अब दोनों देशों के बीच यह मसला समाप्त हो गया है या फिर ठंडे बस्ते में चला गया है। हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि वो नेपाल के प्रधानमंत्री ही थे, जिन्होंने कुछ महीनों पहले सीमा विवाद के मामले को खुद हवा दी थी और इसके समाधान के लिए किसी तीसरे पक्ष (ब्रिटेन, चीन) की मदद लेने की बात कही थी। क्योंकि अब वो अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत भारत आए हैं। तो दोनों देशों के बीच तालमेल बेहतर होगा या मुद्दे का बेहतर ढंग से प्रबंधन किया जा सकेगा।

### चीन की मंजूरी लेकर भारत आए शाह

नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ चाइनीज स्टडीज में उपाध्यक्ष और मानद फेलो डॉ.हेमंत अदलाखा ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि नेपाल के पीएम की भारत यात्रा एक सकारात्मक संकेत देती है। लेकिन इसमें हुई देरी पर भी हमारा ध्यान बने रहना चाहिए। इसका एक पक्ष भारत की राजनीतिक सुस्ती के रूप में भी देखा जा सकता है। लेकिन देर आए दुरुस्त आए। वहीं, यहां ये भी कहा जा सकता है कि शुरुआती देरी के बाद जब वो भारत आए। तो उससे पहले उन्होंने चीन से हरीझंडी ली होगी। नेपाल के प्रधानमंत्री के पहले के बयानों को देखें तो उनसे स्पष्ट था कि वो चीन को हमसे कई गुना ज्यादा अहमियत दे रहे थे। ऐसे में अब उनकी इस भारत यात्रा से हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है।



गुरुनानक के तीन सिद्धांतों का किया जिक्र

## किरत करो, वंड छको, नाम जपो

दिल्ली के लोक निवास में शबद कीर्तन में शामिल हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष का प्रकाश पर्व एक और पवित्र स्मृति लेकर आया है। यह वर्ष श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान का 350वां वर्ष है। इस देश की पहचान, निष्ठा, आस्था और मूल्यों की रक्षा के लिए गुरु साहिब ने अपना जीवन न्योछावर कर दिया।

प्रधानमंत्री सोमवार को दिल्ली के लोक निवास पहुंचे हैं, वे यहां दिल्ली के एलजी तरनजीत सिंह संधू की ओर से आयोजित शबद कीर्तन में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुवाणी का एक-एक शब्द, कीर्तन की एक-एक गूंज, ये केवल संगीत नहीं है, ये अपने आपमें एक साधना है। ये ज्ञान के सागर में गोता लगाने जैसा है।

### भारत और नेपाल के साथ हुए 8 समझौते

**1. सैटेलाइट नेटवर्क बनाने पर समझौता**
भारत और नेपाल अंतरिक्ष और संचार के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और नेपाल के सूचना एवं संचार मंत्रालय के बीच दक्षिण एशिया सैटेलाइट के इस्तेमाल के लिए सैटेलाइट कम्युनिकेशन नेटवर्क स्थापित करने का समझौता हुआ है। इससे नेपाल को संचार सेवाओं और तकनीक का लाभ मिलेगा।

**2. फॉरेंसिक साइंस में सहयोग**
गुजरात के गांधीनगर स्थित नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू) और नेपाल पुलिस के क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के बीच समझौता हुआ है।

नई दिल्ली के कारोबारियों के लिए वीजा की संख्या घटाने के बीच आया ड्रैगन का यह बयान

## भारत के साथ मिलकर कारोबारी वीजा प्रक्रिया को आसान बनाने को तैयार चीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक वक्त तक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर हुए विवाद को सुलझाने के बाद भारत-चीन एक बार फिर से अपने संबंधों को सामान्य बनाने में लगे हुए हैं। पहले भारत ने पिछले साल 2025 में चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा देने की शुरुआत की थी। तो अब चीन ने नई दिल्ली के कारोबारियों को वीजा प्रदान करने के लिए संबंधित प्रक्रिया को भारत के साथ मिलकर सरल बनाने की मंजूरी दे दी है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने भारतीय मीडिया द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी दी है।



### चीन के आयात मेले का जिक्र करना जरूरी

दरअसल यह मामला इस महीने चीन के बड़े औद्योगिक शहर शंघाई के एक बड़े आयात मेले से भी जुड़ा हुआ है। जिसमें शामिल होने के लिए उसने भारतीय कारोबारियों को दिए जाने वाले वीजा की संख्या में कटौती की है। जबकि इसे लेकर उसके समक्ष मांग काफी अधिक थी। जवाब में चीन ने कारोबारी वीजा देने वाली प्रमुख एजेंसी वाइजा वीजा एप्लीकेशन से वीजा देने पर रोक लगी।

## पूर्व सीएम गहलोत बोले- इनकी उल्टी गिनती शुरू हो चुकी: कहा-निगम चुनाव जो जीते वो धोखा था

जूम न्यूज ▶▶ जोधपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंचायत चुनाव में बीजेपी की हार और निगम चुनाव के नतीजों को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अभी इनको समझना चाहिए कि इतनी भारी गलतियां की होगी। हमने ह्यूमिलिटी, विनम्रता के साथ जनता के सामने सिर्फ काम किया था। लोकतंत्र में ये भावना होनी चाहिए। उसकी बजाय ये तो अपने भी धमकी दे रहे हैं। मैं समझता हूं कि अब इनकी उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और रुकने वाली नहीं है। उन्होंने निगम चुनाव को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा निगम चुनाव जो जीते हैं वो धोखा था। यहां हॉर्स ट्रेडिंग हुई और खुला खेल हुआ। ये आप सभी को पता है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत सोमवार को दो दिन के दौर पर जोधपुर पहुंचे हैं। जोधपुर के सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बोल रहे थे।



मीडिया ने जब गहलोत से पूछा कि ऐसा दो महीने में क्या बदलाव हो गया कि जादू चल गया ? तब गहलोत ने जवाब देते हुए कहा कि वो धोखा था जो नगर निगम में इनकी जीत हुई थी। पुलिस की गुंडागर्दी से जीता था। दूसरा वार्डों के परिसीमन में काफी गड़बड़ी हुई। वार्डों की संख्या भले ही बदल गई, लेकिन वोट पर्सेंट में बड़ा डिफरेंस नहीं था। हमारे 14-15 हजार वोट ज्यादा थे। इसका मतलब था जीते वो लेकिन हम बराबर नंबर पर थे। यहां हॉर्स ट्रेडिंग की गई औ खुला खेल हुआ। जयपुर में भी मेंबरों और नंबर में फर्क रहा।

### बोले- ये ऐसे लोग है, जो लिहाज नहीं रखते

पूर्व सीएम गहलोत ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा- हमारे जीते हुए लोगों से तोड़फोड़ करते है। हमारे कैंप में तीन बार थानेदार को भेजा। एक वोट से जीतने के बाद में धमकी दी जा रही है, तुम बीजेपी जॉइन कर लो।

पहला परिचालन खंड सूरत से वापी के बीच होगा

## सूरत-बिलिमोरा के बीच बुलेट ट्रेन का ट्रायल रन होगा शुरू, रफ्तार होगी 280 किमी प्रति घंटे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हाईस्पीड रेल नेटवर्क विकसित करने की दिशा में रेलवे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर बढ़ रहा है। रेलवे अगले साल मई तक गुजरात में सूरत-बिलिमोरा के बीच 50 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर बुलेट ट्रेन का ट्रायल रन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस ट्रायल में स्वदेशी ट्रेनसेट का इस्तेमाल किया जाएगा, जो 280 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। रेलवे मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, मुंबई-अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का पहला परिचालन खंड सूरत से वापी के बीच होगा, जिसे वर्ष 2027 के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। रेलवे मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत देश में हाईस्पीड रेल परिचालन की तैयारियों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। सूरत-बिलिमोरा खंड पर प्रस्तावित ट्रायल रन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। इस दौरान स्वदेशी तकनीक से विकसित ट्रेनसेट की गति, परिचालन क्षमता और अन्य तकनीकी पहलुओं का परीक्षण किया जाएगा। ट्रेनसेट को 280 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलाने की योजना है। इस परीक्षण के नतीजे आगे के परिचालन और सुरक्षा संबंधी तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



फाइल फोटो

### बीजेपी प्रदेश प्रभारी भाटिया ने जिला नेताओं पर फोड़ा हार का ठीकरा

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रभारी संजय भाटिया ने पंचायत चुनाव में बीजेपी की हार का ठीकरा जिला स्तर के नेताओं के सिर पर फोड़ा है। उन्होंने कहा- पंचायत चुनाव में सारे निर्णय प्रदेश स्तर पर न होकर जिला स्तर पर हुए। टिकट बांटने में वहां कुछ कमी रह गई हो। संजय भाटिया ने कहा- कोई गलती करता है तो जिम्मेदारी तय होती है। अभी देखेंगे।



## फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा, 34 युवक-युवतियों को पकड़ा

### मणिपुर के युवक सहित 6 युवतियों को भी पकड़ा

जूम न्यूज ▶▶ जोधपुर

जोधपुर में कमिश्नरेट स्पेशल टीम ने फर्जी कॉल सेंटर का खुलासा किया है। टीम ने मौके से 34 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्रवाई को बासनी क्षेत्र की एक गली में अंजाम दिया गया। CST प्रभारी मेहराज तंवर को सूचना मिली कि बासनी क्षेत्र में एक कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। जिसमें गिफ्ट कार्ड रीडीम करवाने के नाम पर अमेरिका से लेकर विदेशियों को ठगी का शिकार बनाया जाता है। इस पर टीम ने दबिश दी। मौके से 28 युवकों और 6 लड़कियों सहित 34 जनों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के दौरान सेंटर का मालिक हरविजय सिंह फरार हो गया। जिसकी तलाश में पुलिस की टीम जुटी हुई है।

लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट में भारत को मेजर पावर का दर्जा

## एशिया में अमेरिका-चीन के बाद भारत तीसरी सबसे बड़ी ताकत, पावर इंडेक्स में 40.5 अंक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशिया में भारत की ताकत और प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट के एशिया पावर इंडेक्स 2026 में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे शक्तिशाली ताकत माना गया है। भारत ने 100 में से 40.5 अंक हासिल किए हैं, जो पिछले साल से 0.5 अंक अधिक हैं। रिपोर्ट में भारत को प्रमुख शक्ति (मेजर पावर) का दर्जा दिया गया है। सूचकांक में अमेरिका 78.9 अंकों के साथ पहले और चीन 73.6 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। जापान 38.6 अंकों के साथ चौथे और रूस 32.2 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारत ने क्षेत्रीय रक्षा सहयोग, कूटनीतिक सक्रियता और सांस्कृतिक प्रभाव के जरिए अपनी स्थिति मजबूत की है।



▶▶ भविष्य के संसाधनों और आर्थिक क्षमता में तीसरा स्थान
▶▶ रक्षा नेटवर्क और आर्थिक संबंधों में भी सुधार

### एशिया का दूसरे सबसे प्रभावी क्षेत्रीय नेता मोदी

आर्थिक विकास के बेहतर अनुमानों से भविष्य के संसाधनों का स्कोर बढ़ा है। सांस्कृतिक प्रभाव, सूचना आदान-प्रदान और लोगों के बीच संपर्क के मामले में भी भारत ने सुधार किया है। रिपोर्ट के अनुसार भारत और चीन के बीच शक्ति का अंतर 2018 में सूचकांक शुरू होने के बाद सबसे कम हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बाद एशिया का दूसरा सबसे प्रभावी क्षेत्रीय नेता माना गया है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- सरकारों ने वोट के लिए अवैध-निर्माण को बढ़ावा दिया: आज मकान, कल दुकान या होटल कैसे?

### जयपुर के कोचिंग सेंटर्स को राहत देने से इनकार

जूम न्यूज ▶▶ जयपुर

सुप्रीम कोर्ट ने जयपुर के गोपालपुरा बाइपास पर चल रहे कोचिंग सेंटर्स को सील करने की कार्रवाई से राहत देने से इनकार कर दिया। जेडीए की कार्रवाई के खिलाफ हाईकोर्ट या जेडीए ट्रिब्यूनल में कोचिंग सेंटर्स को जाने की छूट देते हुए उनके प्रार्थना पत्रों का निपटारा कर दिया। कोर्ट ने कोचिंग सेंटर्स को सीलिंग मामले में कोई भी राहत नहीं दी।

कोर्ट ने कहा कि एजेंसी कानून के अनुसार काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अवैध निर्माणों को लेकर तल्ख टिप्पणियां भी की। कोर्ट ने सवाल उठाया कि आखिर यह कैसे संभव है कि आज कोई बिल्डिंग आवासीय मकान है। अगले दिन होटल बन जाता है। इसके बाद वहां दूसरी कॉमर्शियल गतिविधियां संचालित होने लगती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा- अवैध निर्माणों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जिम्मेदारी, इसके लिए बनी एजेंसियों की होती है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरथना और जस्टिस संजीव सचदेव की बेंच लोगनाथन मामले में सोमवार को सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों के संबंधित नगर निगम को अदालती आदेश की पालना में की गई कार्रवाई की पालना रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी।

सीनियर एडवोकेट राजदीपक रस्तोगी, सार्थक रस्तोगी और देवेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान तर्क दिया कि जेडीए कमिश्नर ने 10, 15 सितंबर और 15 नवंबर को शपथ पत्र पर गोपालपुरा बाइपास पर अवैध रूप से चल रहे 134 कोचिंग सेंटर्स को नोटिस देने, 57 कोचिंग सेंटर्स को सील करने और जल्द बचे हुए कोचिंग के खिलाफ भी एक्शन करना बताया था। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। रस्तोगी ने तर्क दिया कि राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने 350 करोड़ रुपए की लागत से प्रताप नगर में कोचिंग हब बनाया है, लेकिन यह अब तक खाली है। कोर्ट ने कहा- राज्य सरकारें चुनाव के दौरान अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए योजनाएं लाती हैं। अवैध निर्माण को वैध करने के वादे होते हैं और यह चिंता का विषय है। वहीं ऐसी योजनाओं से भवन निर्माण और भूमि उपयोग से जुड़े सभी नियमों का पालन करने वाले लोगों के हित प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों को जब फायदा मिलता है तो कानून का पालन करने वाले नागरिक खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं।

# अरावली की गोद में रची जा रही अंतरराष्ट्रीय कला की नई इबारत... दुनिया के कलाकारों के कैनवास पर उतर रही राजस्थान की संस्कृति

*न सरकारी संरक्षण, न बड़े संसाधनों का सहारा... फिर भी 2015 से विदेशी कलाकारों की कर्मस्थली बना अन्दौर गांव, 'सूत्र' प्रदर्शनी में रूस, पोलैंड, नीदरलैंड और अमेरिका के कलाकारों की कृतियों में दिखेगी राजस्थानी लोकजीवन, परंपराओं और प्राकृतिक विरासत की झलक*









जूम न्यूज ▶▶| शिवगंज(सिरोही)

राजस्थान और गुजरात की सीमा से सटे सिरोही जिले के शिवगंज तहसील का अन्दौर गांव भले ही देश के मानचित्र पर किसी बड़े पर्यटन स्थल या कला नगरी के रूप में पहचान नहीं रखता हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय कला जगत में इस छोटे से गांव ने अपनी एक अलग पहचान कायम कर ली है। अरावली की पहाड़ियां, यहां की मिट्टी, ग्रामीण परिवेश, लोकजीवन और सांस्कृतिक परंपराएं सात समंदर पार से आने वाले कलाकारों की कल्पनाओं को आकार दे रही हैं। वर्ष 2015 से यह गांव विभिन्न देशों के कलाकारों की कर्मस्थली बना हुआ है। यहां आने वाले विदेशी कलाकार स्थानीय संस्कृति को केवल देखते ही नहीं, बल्कि उसे करीब से जीकर अपनी कलाकृतियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचा रहे हैं। इसी रचनात्मक यात्रा की नई कड़ी के रूप में अन्दौर स्थित फार्म स्टूडियो कला केंद्र 'हिंज आर्ट्स स्पेस' में सोमवार शाम चार बजे 'सूत्र' कला प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ। दो दिवसीय प्रदर्शनी 24 नवंबर शाम चार बजे तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। इसमें रूस, पोलैंड, नीदरलैंड और अमेरिका के कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। चित्रकला, मूर्तिकला, बुनाई और फेल्टिंग जैसे विविध कला माध्यमों के जरिए राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक कलात्मक सोच का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

नवंबर माह में अन्दौर के फार्म स्टूडियो में आयोजित कलाकार आवासीय कार्यशाला के दौरान रूसी कलाकार लीना कोड्युर्चेंको ने अरावली की पहाड़ियों से प्राकृतिक सामग्री एकत्र कर मूर्तिशिल्प तैयार किए। उन्होंने पहाड़ी परिवेश के रंगों और गांव के बच्चों के साथ आयोजित कार्यशालाओं के अनुभवों को भी अपनी चित्रकला में उतारा। पोलैंड की चित्रकार अलेक्सांद्रा डुकाट दूसरी बार राजस्थान पहुंचीं। उन्होंने स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और स्थापत्य कला से प्रेरित होकर चित्रों की रचना की। नीदरलैंड की टेक्सटाइल कलाकार मार्गोट वैन लीउवेन ने स्थानीय राजस्थानी भेड़ों की ऊन, मेहंदी से प्राप्त रंगों और ग्रामीण परिवेश को अपनी कला का आधार बनाया। रेगिस्तानी जीवन में पानी के महत्व को रेखांकित करती उनकी कृति 'जल ही जीवन है' प्रदर्शनी का खास आकर्षण रहेगी। वहीं, अमेरिकी टेक्सटाइल कलाकार एरिका डिनकाल्सी ने राजस्थानी ओढ़नी के चटख रंगों और चमकीली लेस से प्रेरित होकर कलाकृति तैयार की। मार्गोट और एरिका ने स्थानीय बच्चों के साथ अनुपयोगी पुराने कपड़ों से सामूहिक कला स्थापना भी बनाई है।

### गांव से दुनिया तक पहुंच रही संस्कृति की खुशबू

अन्दौर में विदेशी कलाकारों की यह मौजूदगी महज कला प्रदर्शनी तक सीमित नहीं है। स्वयंसेवी संस्था की ओर से संचालित फार्म स्टूडियो और 'हिंज आर्ट्स स्पेस' स्थानीय संस्कृति और अंतरराष्ट्रीय कला जगत के बीच एक रचनात्मक सेतु का काम कर रहे हैं। कलाकार यहां के ग्रामीण परिवेश, रहन-सहन, सामाजिक परंपराओं और प्राकृतिक संपदा को समझकर अपनी कलाकृतियों में स्थान देते हैं। साथ ही स्थानीय बच्चों को भी कार्यशालाओं के माध्यम से कला से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

अन्दौर की यह पहल इसलिए भी सराहनीय है कि बिना किसी बड़े सरकारी संरक्षण और पर्याप्त संस्थागत संसाधनों के एक छोटे से गांव को अंतरराष्ट्रीय कला गतिविधियों का केंद्र बनाया गया है। अब आवश्यकता है कि सरकार और कला एवं संस्कृति तथा पर्यटन विभाग इस प्रयास को पहचानकर प्रोत्साहन दें। इससे अन्दौर को अंतरराष्ट्रीय कला केंद्र के रूप में विकसित करने के साथ स्थानीय युवाओं को विभिन्न कला विधाओं का प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर भी मिल सकते हैं। अन्दौर की पहचान केवल एक गांव की पहचान नहीं, बल्कि राजस्थान की कला, संस्कृति और अतिथि सत्कार की वैश्विक पहचान बनने की क्षमता रखती है। जरूरत है इस प्रयास को सरकारी संरक्षण, प्रोत्साहन और व्यापक मंच देने की, ताकि अरावली की गोद में रची जा रही कला की यह कहानी दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचे।

**ब्रीफ न्यूज**

## रिटायर्ड बैंक अधिकारी को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार, जांच एसीबी को

जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर नगर निगम के कचरा संग्रहण करने वाले टीपर की टक्कर से रिटायर्ड बैंक अधिकारी की मौत के मामले में सोमवार को नयाशहर पुलिस ने टीपर चालक मदन सांसी को गिरफ्तार कर लिया है। उधर सफाई और परिवहन ठेके को लेकर भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए मृतक के परिजनों ने अब पूरे मामले में एसीबी को शिकायत की है। नयाशहर थाना प्रभारी सरजीत सिंह ने बताया कि टीपर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के बाद वो फरार हो गया था लेकिन सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी पहचान की गई। संबंधित कंपनी से पूछताछ के बाद उसकी पहचान पुख्ता हुई। बाद में पुलिस दल ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल गिरफ्तार युवक की पहचान पुलिस ने स्पष्ट नहीं की है। कुछ ही देर में पुलिस इस बारे में विस्तृत रिपोर्ट जारी करेगी। बीकानेर के सोलर कंपनी संचालक शरद दत्त आचार्य ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) के महानिदेशक को शिकायत भेजकर ठेका आवंटन की पूरी प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। शिकायत में टेंडर की शर्तों, भुगतान, अधिकारियों की भूमिका और ठेकेदार कंपनी को संभावित अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोपों की जांच कराने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही नगर निगम के कचरा संग्रहण टिपर से हुए हादसे में केशवदत्त आचार्य की मौत का मामला भी उठाया गया है।

## बेटी के ससुराल में विवाद, रिटायर्ड सूबेदार को दामाद ने पीट-पीटकर मार डाला

जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

झुंझुनूं में बेटी के ससुराल गए रिटायर्ड सूबेदार की दामाद और उसके परिजनों ने पीट-पीटकर मार डाला। बेटी के साथ उसके ससुराल वाले झगड़ा कर रहे थे। सूचना पर रिटायर्ड सूबेदार सुरेश कुमार (60) बेटी ससुराल पहुंचे। दामाद और उसके परिजनों को समझा रहे थे इसी दौरान बेटी के सुराल पक्ष ने सुरेश कुमार पर लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी और फावड़े से हमला कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। मामला चिड़ावा बाईपास इलाके के सूरजगढ़ गांव का रविवार शाम का है। परिजनों ने सोमवार को बेटी के ससुर, पति और देवर पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुरेश कुमार हरियाणा के चरखी दादरी जिले के रूडरोल गांव के रहने वाले थे।

# बीएफसी फेस्ट में 101 प्रतिभाशाली महिलाओं का हुआ सम्मान, कवलप्रीत कौर बनीं ब्रांड एम्बेसडर

**महिला सशक्तिकरण और बेटियों के सम्मान का संदेश लेकर आयोजित हुआ बेटी फाउंडेशन क्लब का भव्य समारोह, गणमान्य अतिथियों ने बढ़ाया महिलाओं का उत्साह**

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर



बेटी फाउंडेशन क्लब (BFC) की ओर से महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता और बेटियों के सम्मान को समर्पित भव्य बीएफसी फेस्ट एवं सम्मान समारोह का आयोजन जयपुर मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, अजमेर रोड, जयपुर में किया गया। संस्था डायरेक्टर राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 101 प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में महिला शिक्षा, आत्मनिर्भरता, समान अधिकार और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. प्रवीण अग्रवाल, एच कृष्णा डायमंड के डाइरेक्टर कन्हैया राव, प्रतीक्षा फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ राखी जांगिड़, उषा टेक्सटाइल के डायरेक्टर विपिन जैन, क्लीनिटोन, श्री और प्लाजमाजैन के डायरेक्टर डॉक्टर सौरभ गोगर, समाजसेवी और पत्रकार मानव अधिकार अध्यक्ष बृजेश पाठक उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ अनिल शर्मा, डॉक्टर आंचल पुरी ,डॉक्टर किशोर गीठाला, संजीव चंद्रावत,भावेश अरोरा, अनिल गर्ग, करणी आईटी के डायरेक्टर राम रतन कुशवाह पूर्व ब्रांड एंबेसडर एस्ट्रोलॉजर सिमरन कोर, महिला क्रिकेट कोच और मैटर सुरेंद्र सिंह भाटी, वरिष्ठ पत्रकार साबिर कुरेशी, फैशन डिजाइनर अशफाक खान, मिसेज इंडिया मोनिका शर्मा ,मिसेज इंडिया इशा श्रीवास्तव, मिस इंडिया अंकिता सोलंकी ने शिरकत की। समारोह में बीएफसी फेस्ट की नवनियुक्त ब्रांड एम्बेसडर एवं दिल्ली की प्रसिद्ध प्रोफेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट कवलप्रीत कौर विशेष रूप से मौजूद रहीं।

इसके अलावा अन्य अतिथियों के रूप में प्रभा स्वर्णकार ,पूजा मिरचंदानी, खुशी शर्मा ,ब्रांड फेस नीलू गुप्ता ,सीमा मीणा, राजलक्ष्मी शर्मा, प्रिया पटेल, पंखुड़ी तिवारी, श्वेता तमांग मोनिका राव, तृप्ति विजय, कविता मेहर ,प्रीति सिन्हवत, रवि नैनपुरिया , रिंकू वशिष्ठ, रोहित कुमार, पारुल जेड़िया, वैष्णवी सुथार , विनीत जैन छाबड़ा, विनीत जैन, इकबाल कौर, रमनदीप सिंह, गगनदीप सिंह ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सभी अतिथियों का संस्था की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कवलप्रीत कौर को बीएफसी फेस्ट का ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए बेटी फाउंडेशन क्लब ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। कवलप्रीत कौर अब तक 2000 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने का कार्य कर चुकी हैं। उनके इस प्रयास को महिला आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में देखा गया।

समारोह के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर टॉक शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की शिक्षा, आत्मसम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और समाज में उनकी समान भागीदारी जैसे विषयों पर विचार साझा किए गए। वक्ताओं ने कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब महिलाओं और बेटियों को शिक्षा, सम्मान तथा आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण अग्रवाल एवं विशिष्ट मुख्य अतिथि कन्हैया राव ने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं को प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। बेटी फाउंडेशन क्लब का यह आयोजन उन महिलाओं को समर्पित रहा, जिन्होंने अपने संघर्ष, मेहनत, प्रतिभा और सामाजिक योगदान से समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। 101 महिलाओं का सम्मान न केवल उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन रहा, बल्कि अन्य महिलाओं और युवतियों के लिए भी प्रेरणा का माध्यम बना। कार्यक्रम के माध्यम से बेटी फाउंडेशन क्लब ने समाज को यह संदेश दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उन्हें समान अवसर, शिक्षा और सम्मान देकर ही एक सशक्त एवं विकसित समाज का निर्माण किया जा सकता है। समारोह में उपस्थित अतिथियों, सम्मानित महिलाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने आयोजन की सराहना करते हुए बेटी फाउंडेशन क्लब के इस प्रयास को महिला उत्थान और सामाजिक जागरूकता की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

# डोटासरा बोले- चाहे गोलियां चल जाए, भरतपुर में कांग्रेस का जिला-प्रमुख बनेगा

## 60-60 लाख में जिला परिषद मेंबर्स खरीद रही बीजेपी; 3 सदस्यों को उठा लिया

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जिला प्रमुख चुनाव में बीजेपी पर हॉर्स ट्रेडिंग, कांग्रेस सदस्यों को डराने-धमकाने सहित कई गंभीर आरोप लगाए। डोटासरा ने कहा- पंचायत चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद बीजेपी अब कांग्रेस के जिला परिषद सदस्यों को खरीदने और डराने-धमकाने की कोशिश कर रही है। भरतपुर में कांग्रेस के 21 जिला परिषद सदस्य जीते हैं, उनमें से 3 सदस्यों को बीजेपी ने उठा लिया।



डोटासरा ने कहा- 60-60 लाख में जिला परिषद मेंबर्स खरीदे जा रहे हैं। चाहे गोलियां चल जाए, भरतपुर में कांग्रेस का जिला प्रमुख बनेगा। कांग्रेस के 18 जिला परिषद मेंबर्स का ईमान नहीं खरीद सकते। गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- भरतपुर में कांग्रेस का बहुमत है। इसके बावजूद ये सरकार की नाक बचाने के लिए पुलिस से गुंडागर्दी करवा रहे हैं। जो अफसर गुंडागर्दी में साथ दे रहे हैं, मैं जिंदा रहा तो इन अफसरों को ऐसी जगह लगाऊंगा कि याद रखेंगे। आगे से गुंडागर्दी में साथ नहीं देंगे।

डोटासरा ने भरतपुर के 18 जिला परिषद मेंबर्स को पेश किया और कहा- इनमें से एक भी मेंबर्स ऐसा नहीं है, जो कांग्रेस के अलावा कहीं जाना चाहता हो। पुलिस प्रशासन और सरकार की एजेंसियों ने इनका 4 दिन से जीना हराम कर रखा है। क्या तमाशा लगा रखा है? ये गुंडागर्दी चलेगी क्या? हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। काहे के डीजीपी, सीएस हैं, जो गुंडागर्दी होते चुपचाप देख रहे हैं। डोटासरा ने कहा- भरतपुर जिला परिषद में बीजेपी के पास बहुमत नहीं है। इसके बावजूद जिला प्रमुख पद हासिल करने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस के टिकट पर जीते 3 मेंबर्स को बीजेपी अपने पक्ष में ले गई। डोटासरा ने कहा- कांग्रेस के जिला परिषद मेंबर्स चौमूं के एक होटल में ठहरे हैं। वहां चौमूं के सीआई और डीएसपी समेत पुलिस अफसर होटल प्रबंधन पर दबाव बना रहे हैं। जिला परिषद मेंबर्स को बीजेपी वाले मैसेज भेजकर प्रलोभन दे रहे हैं। पुलिस को इन मेंबर्स को उठाने को कहा जा रहा है।

# चतुर्दशी पर मां करणी की ओरण परिक्रमा में उमड़े श्रद्धालु: जयकारे लगाते हुए बढ़े



जूम न्यूज ▶▶| बीकानेर

बीकानेर में मां करणी की ओरण परिक्रमा में सोमवार को चतुर्दशी के अवसर पर आस्था का सैलाब उमड़ा। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु देशनोक पहुंचे और मां करणी के दरबार में धोक लगाई। सुबह से ही परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई, जो दिन चढ़ने के साथ लगातार बढ़ती गई। चतुर्दशी पर 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया गया। इस बार श्रद्धालुओं को परिक्रमा के दौरान पहले के मुकाबले बेहतर सुविधाएं मिलीं। परिक्रमा मार्ग में आने वाली दोनों रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज बनने से आवागमन सुगम हुआ। पहले रेलवे क्रॉसिंग पार करने के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी, लेकिन अब अंडरब्रिज से आवाजाही आसान हो गई है।

# लो-वोल्टेज से आटा चक्कियां बंद, पेयजल और पढ़ाई पर असर, प्रदर्शन किया



ज़ूम न्यूज ▶▶| जैसलमेर

जैसलमेर जिले के म्याजलार गांव में बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है। अनियमित बिजली सप्लाई और लो-वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्रामीण गांव के GSS के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठे हुए हैं। सरपंच सवाईसिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कहा है कि जब तक बिजली समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से बिजली व्यवस्था बिगड़ी हुई है। कई बार बिजली सप्लाई बंद रहती है और जब बिजली आती है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि घरेलू मशीनें भी ठीक से नहीं चल पाती हैं। इससे रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, कम वोल्टेज के कारण गांव की आटा चक्कियां भी बंद पड़ी हैं। इससे गेहूं पिसवाने के लिए ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बिजली की अनियमित सप्लाई और पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने से पेयजल व्यवस्था, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी कामों पर भी इसका असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस बारे में कई बार बिजली निगम के अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ। हर बार आश्वासन मिलने के बावजूद हालात में सुधार नहीं होने पर ग्रामीणों ने GSS का घेराव कर धरना शुरू किया था। अब वे GSS के बाहर टेंट लगाकर आंदोलन कर

## ब्रीफ न्यूज

### बजरी से भरे डंपर की टक्कर से युवक की मौतः एक घायल, ड्राइवर को पकड़ा



ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

लूणी थाना क्षेत्र में रविवार शाम बजरी से भरे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को हॉस्पिटल लेकर गई, जहां एक युवक की मौत हो गई। वहीं, घायल का इलाज चल रहा है। डंपर ड्राइवर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार- हादसा रविवार शाम करीब 7 बजे लूणी थाने के पास का है, जिसमें बाला (बिलाड़ा) निवासी सुनील की मौत हुई है। बाइक सवार दो युवक थाने के पास गुजर रहे थे। इस दौरान तेज स्पीड में आ रहे बजरी डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। आस-पास के लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां सुनील की मौत हो गई। घायल को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर के मथुरादास माथुर हॉस्पिटल रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इधर, लूणी थाना पुलिस ने डंपर जब्त कर ड्राइवर को पकड़ लिया है।

### सांचौरः ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सवार दो लोगों की मौत

ज़ूम न्यूज ▶▶| सांचौर

भारतमामला एक्सप्रेस वे पर ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद देवजी पटेल मौके पर पहुंचे। हादसा सांचौर और देवड़ा के बीच चौरा सरहद के पास सोमवार सवेरे करीब 11:30 बजे हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। पूर्व सांसद देवजी पटेल भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बात की और दोनों शवों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करवाई। एंबुलेंस से शवों को राजकीय अस्पताल सांचौर की मॉर्च्युरी में भेजा गया। पुलिस जरूरी कार्रवाई कर रही है। मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया वाहनों को चलाने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद बाइक सवार वहां तक कैसे पहुंच रहे हैं और उन्हें रोकने की क्या व्यवस्था है, इस पर सवाल उठ रहे हैं।



# दुनिया को प्रभावित करती रही भारतीय संस्कृतिः शेखावत

## कहा-भारत अब केवल अपनी विरासत के लिए नहीं, वैश्विक नेतृत्व के लिए भी पहचाना जाएगा

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

भारत अपनी समृद्ध सभ्यतागत विरासत को वैश्विक नेतृत्व में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रथम SCO सभ्यतागत संवाद इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इसके माध्यम से भारत विभिन्न देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, बौद्धिक संवाद और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देने का प्रयास कर रहा है। ये कहना है केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का। शेखावत ने कहा-

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में किसी राष्ट्र का प्रभाव केवल उसकी आर्थिक क्षमता, तकनीकी दक्षता और सामरिक शक्ति से निर्धारित नहीं होता, बल्कि उसकी वैचारिक क्षमता, सांस्कृतिक प्रभाव और विभिन्न सभ्यताओं के बीच संवाद स्थापित करने की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और सांस्कृतिक विखंडन के दौर में सभ्यतागत विरासत का महत्व और बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि तियानजिन में 2025 में आयोजित SCO लीडरशिप समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रखे गए प्रस्ताव के क्रम में नई दिल्ली में प्रथम SCO सभ्यतागत संवाद मंच का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों को सांस्कृतिक आदान-प्रदान के मंच पर लाने के साथ सभ्यताओं के संवाद को अंतरराष्ट्रीय सहयोग का प्रभावी आधार बनाना है।

### इंद्रप्रस्थ घोषणा पत्र में सांस्कृतिक सहयोग पर जोर

इस मंच से निकले 'इंद्रप्रस्थ घोषणा पत्र' को महत्वपूर्ण बताते हुए शेखावत ने कहा कि इसके माध्यम से सभ्यतागत सद्भाव को व्यावहारिक सहयोग में बदलने का प्रयास किया गया है। इसमें साझा सांस्कृतिक परियोजनाओं, प्रदर्शनियों, यूनेस्को के अंतर्गत संयुक्त नामांकन, पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटल संग्रहों, संस्थागत साझेदारियों और विद्वानों एवं कलाकारों के आदान-प्रदान पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विरासत संरक्षण, पांडुलिपि परंपरा, बौद्ध अध्ययन, पुरातात्विक अनुसंधान और डिजिटल दस्तावेजीकरण में भारत का अनुभव अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए नेटवर्क विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।



**सदियों से दुनिया को प्रभावित करती रही भारतीय संस्कृति**

शेखावत ने कहा-भारत का सांस्कृतिक प्रभाव सदियों से उसकी भौगोलिक सीमाओं से आगे तक रहा है। उपनिषदों का दर्शन, भगवान बुद्ध की करुणा और मध्यम मार्ग की शिक्षाएं, रामायण की सांस्कृतिक यात्रा, पंचतंत्र की कथाएं तथा गणित, खगोल विज्ञान, साहित्य और स्थापत्य में भारत का योगदान एशिया सहित दुनिया के अनेक क्षेत्रों तक पहुंचा है। भारत का सभ्यतागत इतिहास बताता है कि उसका प्रभाव शक्ति के बजाय ज्ञान के प्रसार, विचारों के आदान-प्रदान और विविध परंपराओं के साथ संवाद से विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि अब इस विरासत को वैश्विक सांस्कृतिक विमर्श में नेतृत्व की भूमिका में बदलने का समय है।

शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने अपनी सभ्यतागत पहचान को नए आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर स्थापित किया है। प्रधानमंत्री की ओर से प्रतिपादित 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात संपूर्ण विश्व एक परिवार है, की अवधारणा भारतीय दर्शन को अंतरराष्ट्रीय विमर्श का महत्वपूर्ण आधार प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि विविधता भारत की शक्ति है और प्रत्येक सभ्यता सम्मान की अधिकारी है। शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था के लिए संवाद और पारस्परिक समझ जरूरी है। SCO सभ्यतागत संवाद इसी सोच को संस्थागत स्वरूप देने की पहल है।

शेखावत के अनुसार, SCO सभ्यतागत संवाद को प्रत्येक दो साल में आयोजित करने का प्रस्ताव इस पहल को निरंतरता और संस्थागत मजबूती प्रदान करेगा।

## बाड़मेरः बस ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत




ज़ूम न्यूज ▶▶| बाड़मेर

बाड़मेर में बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। घटना बाड़मेर जिले के नागाणा थाने के छीतर का पार गांव सुबह करीब 10 बजे की है। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया और हादसे की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नागाणा थानाधिकारी दिनेश ने बताया- सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त बाइक और बस को जब्त कर लिया है। वहीं बाइक सवार के शव को जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार हुड्डों की ढाणी निवासी रेवताराम उर्फ देवाराम (29) पुत्र हनुमान अपने गांव से नागाणा गांव की तरफ जा रहा था। तभी कवास से बाटाडू की तरफ जाने वाली बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई।

## फायरमैन की मौत के बाद 26 लाख की ज्वेलरी 'गायब'

ज़ूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले फायरमैन के बैग से 26 लाख के गहने गायब हो गए। परिजन ने दावा किया कि सीसीटीवी में कॉन्स्टेबल बैग से गहने निकालते दिखा था। घटना के साढ़े 5 महीने बाद अभी तक न तो परिवार को गहने मिले हैं और न ही आरोपी कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया गया है। मामला झुंझुनूं का है। फायरमैन राजेश कुमार के परिजन सोमवार को झुंझुनूं एसपी कावेंद्र सिंह सागर से मिले और न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि एक महीने में तीसरी बार एसपी से मिले हैं। इस बार भी आश्वासन मिला है। झुंझुनूं के कुलोद खुर्द निवासी राजेश कुमार दिल्ली अग्निशमन विभाग के फायरमैन थे। 30 मई 2026 को खाजपुर पुराना गांव के पास सड़क दुर्घटना में राजेश की मौत हो गई। राजेश के भाई प्रदीप ने बताया- राजेश कुलोद खुर्द से बाइक पर झुंझुनूं आए थे।

## जयपुर से नंदगांव (जालोर) के लिए सीधी रोडवेज बस शुरूः छह जिलों को जोड़ेगी

ज़ूम न्यूज ▶▶| जालोर



जालोर जिले के यात्रियों, श्रद्धालुओं और गो-भक्तों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। राजस्थान रोडवेज के जयपुर डिपो ने जयपुर से नंदगांव (सिरोही) के बीच सीधी बस सेवा शुरू की है। यह बस जालोर जिला मुख्यालय के साथ आहोर, बागरा, रामसीन, भीनमाल और सुंधा माता जी होकर गुजरेगी। नई सेवा से जयपुर आने-जाने वाले जालोरवासियों और धार्मिक स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

रोडवेज की यह बस सेवा जयपुर, अजमेर, ब्यावर, पाली, जालोर और सिरोही जिले को आपस में जोड़ेगी। अब तक जालोर, भीनमाल, रामसीन और आहोर क्षेत्र के लोगों को जयपुर या सिरोही के रेवदर क्षेत्र स्थित नंदगांव जाने के लिए निजी बसों या अलग-अलग साधनों से सफर करना पड़ता था। खासकर अमावस्या पर गो-सेवा और तीर्थ दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। सीधी बस सेवा से समय बचेगा और यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक व किफायती सफर मिलेगा। सिरोही जिले की रेवदर तहसील के केसुआ क्षेत्र स्थित नंदगांव में प्रसिद्ध श्री मनोरमा गोलोक तीर्थ है। यहां विशाल गौशाला और देसी गोवंश संवर्धन केंद्र संचालित है। प्रतिदिन और खासकर अमावस्या पर प्रदेशभर से हजारों गो-भक्त और श्रद्धालु गो-सेवा व दर्शन के लिए पहुंचते हैं। जालोर जिले के प्रमुख आस्था केंद्र सुंधा माता जी तीर्थ स्थल को भी इस बस रूट में शामिल किया गया है। इससे जयपुर, अजमेर और पाली की ओर से आने वाले श्रद्धालु सीधे सुंधा माता जी और नंदगांव गोलोक तीर्थ पहुंच सकेंगे।

**जयपुर और नंदगांव से सुबह 5:30 बजे चलेगी बसः** जयपुर डिपो की ओर से जारी समय-सारिणी के अनुसार, बस दोनों तरफ से रोज सुबह 5:30 बजे रवाना होगी। **जयपुर से रवानगीः** सुबह 5:30 बजे **नंदगांव से रवानगीः** सुबह 5:30 बजे।

# 2007 से यूडी टैक्स बकाया, शोरूम सीज, कार्रवाई के बाद कराया जमा; निगम प्रॉपर्टी मालिकों को भेज रहा पेंडिंग बिल

ज़ूम न्यूज ▶▶| जोधपुर

जोधपुर नगर निगम की ओर से यूडी टैक्स बकाया को लेकर नोटिस और सीज की कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में निगम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए यूडी टैक्स बकाया होने पर तीन शोरूम पर सीज की कार्रवाई की गई। इनमें एक बाइक शोरूम का 18 लाख बकाया था, जिसे सीज किया गया। हालांकि, कार्रवाई के बाद टैक्स जमा करवा दिया गया। यूडी टैक्स 2007 से बकाया चल रहे थे।

इधर, नगर निगम की टीम की ओर से बकाया यूडी टैक्स वालों को नोटिस और बिल भेजा जा रहा है। खास बात ये है कि नगर निगम लोगों को वॉट्सएप पर बकाया बिल भेज इसे जमा करवाने का खेल खेल रहा है।




बताया जा रहा है कि ये हीरो शो रूम पूर्व कैबिनेट मंत्री रामसिंह विश्नोई की पत्नी और लूणी पूर्व विधायक महेंद्र की दादी अमरीदेवी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इस कार्रवाई के बाद महेंद्र विश्नोई ने कहा कि ये कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। लूणी विधानसभा में पंचायत चुनावों में हार से सरकार बौखलाई हुई है।

नगर निगम उपायुक्त रणवीर देथा ने बताया कि महिंद्रा हीरो के शोरूम संचालक अमरीदेवी का 2007 से करीब 18 लाख 82 हजार 352 रुपए का यूडी टैक्स बकाया था। संबंधित शोरूम संचालकों को बकाया राशि जमा करवाने के लिए पूर्व में 3 से 4 बार नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करवाई गई। उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले भी अंतिम नोटिस दिया गया था। जब बकाया राशि जमा नहीं करवाई तो नगर निगम की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए शोरूम को सीज कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई के बाद बकाया टैक्स जमा करवा दिया गया है। इसके अलावा शहर के सरदारपुरा स्थित एक ज्वेलर शोरूम जिसका 19.49 लाख और एक झालामंड पाली रोड स्थित एम्पोरियम पर कार्रवाई की गई। जोधपुर नगर निगम की ओर से 1500 प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस दिया गया है। इनमें 1400 तो वे लोग है, जिन्हें 15 दिन का चेतावनी नोटिस जारी किया गया है और 100 लोगों को अंतिम तीन दिन का नोटिस भेजा गया है, ताकि समय पर यूडी टैक्स जमा करवा सके।

नगर निगम ने बकाया यूडी टैक्स को लेकर अभियान शुरू कर दिया है। निगम सभी को नोटिस और बिल भेज रही है। निगम की ओर से वॉट्सएप पर भी प्रॉपर्टी मालिकों को बकाया बिल भेजकर टैक्स जमा करवाने के लिए कहा है।

## जैसलमेर की पोक्सो कोर्ट में निकला 3 फीट लंबा कोबरा

ज़ूम न्यूज ▶▶| जैसलमेर

जैसलमेर के विशेष न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) परिसर में सोमवार सुबह करीब 11 बजे पेड़ों के पास तीन फीट लंबा कोबरा दिखाई दिया। कोर्ट से बाहर आए वकीलों ने सांप को देखकर स्नेक कैचर साहिल खान को सूचना दी। मौके पर पहुंचे साहिल खान ने महज दो से तीन मिनट में कोबरा का रेस्क्यू कर लिया। बाद में उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। जैसलमेर शहर के विशेष न्यायालय (पोक्सो कोर्ट) परिसर में पेड़ों के पास कोबरा शांत बैठा था। न्यायालय परिसर से बाहर आए वकीलों की नजर अचानक सांप पर पड़ी। उन्होंने तुरंत स्नेक कैचर साहिल खान को सूचना दी।

## बाइक-बोलेरो की टक्कर में 4 घायलः मासूम के जबड़े में चोट

### महिला का पैर फ्रैक्चर; खेत पर जा रहा था परिवार

ज़ूम न्यूज ▶▶| पाली



पाली में सोमवार दोपहर बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 2 महिलाएं, एक मासूम और युवक घायल हो गए। एक महिला का पैर टूट गया, वहीं 3 साल के मासूम के जबड़े और मुंह पर चोट आई है। सभी घायलों को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया।

जानकारी के अनुसार, भांगेसर गांव निवासी 32 साल का पिंटू पुत्र जीवाराम अपनी 27 साल की बहन जनक पत्नी नरेश, 28 साल की रेखा पत्नी नरेंद्र पुरी और 3 साल के मासूम आयुष पुत्र नरेंद्र पुरी को लेकर बाइक से भांगेसर से शिवपुरा के पास स्थित एक खेत पर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में खामल और भांगेसर के बीच उनकी बाइक को बोलेरो ने टक्कर मार दी। हादसे में चारों घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। हादसे में रेखा का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि मुंह के बल गिरने से 3 साल के मासूम आयुष के जबड़े और मुंह पर चोटें आईं। घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाने में पूर्व उपसरपंच मदनसिंह ने मदद की। साथ ही पुलिस को सूचना दी गई, मामले की जांच शुरू हो गई है।

# 8 बैलगाड़ियों पर निकली बिजनेसमैन की बारातः दूल्हा विंटेज कार से गया









जूम न्यूज ▶▶| पाली

पाली में बिजनेसमैन ने बेटे की बारात हेलीकॉप्टर और लग्जरी गाड़ियों की बजाय 8 सजी-धजी बैलगाड़ियों में निकाली। दूल्हा विंटेज कार से गया। यह अनोखी बारात देखने के लिए गांव बांकली में 2 किलोमीटर तक सड़कों के किनारे लोगों की भीड़ लगी हुई थी। इस पल को लोग अपने मोबाइल में कैद कर रहे थे।

21 नवंबर को सुमेरपुर के बांकली गांव के गोवा में रेडीमेड गारमेंट का बिजनेस करने वाले समाराम उर्फ चंदनलाल के बेटे की शादी थी। उनकी इच्छा थी कि बेटे कुणाल उर्फ किशोर (27) की शादी अलग अंदाज में हो, ताकि गांव वाले इसे याद रखें। कुणाल पिता के बिजनेस में हाथ बंटाता है, जबकि दुल्हन समीक्षा ने बीएससी की है। बारात 2 किलोमीटर तक गांव की गलियों से गुजरने के बाद शिवलाल बोराणा के घर पहुंची। सुबह 11 बजे कुणाल और समीक्षा ने फेरे लिए। इसके बाद दूल्हा विंटेज कार में दुल्हन को लेकर अपने घर पहुंचा।

### एक बैलगाड़ी का 10 हजार रुपए किराया

समाराम घांची ने बताया कि मैंने नाना-बेड़ा के पास स्थित लालपुरा से 8 बैलगाड़ियां मंगवाई थीं। एक बैलगाड़ी का किराया 10 हजार रुपए दिया। वहीं, विंटेज कार शिवगंज से मंगवाई गई थी। समाराम ने बताया कि उनके 3 बेटियां और एक बेटा है।

## ब्रीफ न्यूज

### ट्रक में मिला 850 ग्राम डोडा-पोस्त चूरा, ड्राइवर गिरफ्तार

जूम न्यूज ▶▶| झुंझुनूं

झुंझुनूं जिले के चिड़ावा में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक आइसर ट्रक से 850 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया है। पुलिस ने ट्रक चालक हरीराम (34) को गिरफ्तार कर लिया। ट्रक के केबिन में चालक सीट के पास रखी पॉलीथीन से 3 लाख रुपए नकद भी मिले, जिन्हें संदिग्ध मानते हुए जब्त किया गया है। पुलिस ने मादक पदार्थ और नकदी के साथ ट्रक भी जब्त कर आरोपी के खिलाफ NDPS एक्ट में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, 22-23 नवंबर की रात चिड़ावा थानाधिकारी लक्ष्मीचंद वर्मा टीम के साथ पिलानी बाइपास चौराहे पर पहुंचे और ए श्रेणी की नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान सूरजगढ़ की तरफ से आ रहे आइसर प्रो 2118 ट्रक (RJ 18 GD 3488) को रोककर जांच की गई। ट्रक के केबिन में पॉलीथीन की थैली में संदिग्ध पदार्थ मिला। चालक सीट के पास एक दूसरी पॉलीथीन में रुपए की गड्डियां रखी थीं। पुलिस ने चालक से दोनों थैलियों में रखे सामान के बारे में पूछताछ की। चालक ने एक थैली में डोडा पोस्त चूरा और दूसरी में 3 लाख रुपए होने की बात बताई। जांच के दौरान पारदर्शी थैली से 850 ग्राम डोडा पोस्त चूरा मिला। चालक से मादक पदार्थ रखने के संबंध में डाक्यूमेंट्स या लाइसेंस मांगा गया, लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने डोडा पोस्त चूरा, 3 लाख रुपए नकद और आइसर ट्रक जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया।

### श्रीगंगानगरः शादी से 14 दिन पहले युवक को बस ने कुचला, मौत

जूम न्यूज ▶▶| श्रीगंगानगर

शादी से महज 14 दिन पहले सोमवार को श्रीगंगानगर जिले में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। एक निजी बस ने युवक का सिर कुचल दिया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिवार के लोग शादी के कपड़ों की खरीदारी करने बाजार आए हुए थे और शादी के कार्ड भी छपवा लिए गए थे। जिस घर में खुशियों का माहौल था, वहां अब मातम पसर गया है। बेटे की मौत की खबर सुनते ही माता-पिता बेसुध हो गए, जिन्हें लोगों ने संभाला। रायसिंह नगर थाना एएसआई भोलूराम ने बताया कि मृतक के पिता राजेंद्र कुमार ने पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसमें ड्राइवर पर बिना बताए बस को स्टार्ट करने का आरोप लगाया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। एसएसआई के अनुसार- लिखमेवाला गांव निवासी मैकेनिक मनीष वर्मा (23) रायसिंहनगर बस स्टैंड के पास स्थित आतलिया इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर काम करता था। वह बसों सहित अन्य भारी वाहनों की रिपेयरिंग करता था। परिवार में 5 दिसंबर को मनीष की बहन की और 6 दिसंबर को खुद मनीष की शादी होनी थी, जिसके चलते घर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। मनीष और उसके परिजन सोमवार सुबह रायसिंहनगर में कपड़ों की खरीदारी करने आए थे। इसी बीच मनीष बस स्टैंड स्थित दुकान पर काम करने चला गया।



# रिपोलिंग में भी बीजेपी पिछड़ी, 28 में से 20-वार्ड कांग्रेस जीतीः जिला परिषद के 62% और पंचायत समिति के 50% वार्ड कांग्रेस के हाथ



जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

प्रदेश में पंचायतीराज चुनावों की रिपोलिंग में भी बीजेपी पिछड़ गई है। जिला परिषदों और पंचायत समितियों के मिलाकर 28 वार्डों में से 20 पर कांग्रेस जबकि बीजेपी 5 पर जीती हैं। तीन जिला परिषदों के 6 वार्डों में रिपोलिंग के बाद नतीजों में सभी 6 वार्डों में कांग्रेस जीती है। वहीं, 19 पंचायत समितियों के 22 वार्डों में 14 कांग्रेस, 5 बीजेपी, 1 बसपा, 2 पर निर्दलीय जीते हैं। इन वार्डों में रविवार को रिपोलिंग के बाद नतीजे घोषित किए गए। बूंदी जिला परिषद के तीन, जयपुर के दो और कोटपूतली बहरोड के एक वार्ड पर घोषित नतीजों में कांग्रेस जीती है। रिपोलिंग के बाद अब सभी जिला परिषदों और पंचायत सतिमतियों की तस्वीर साफ हो चुकी है। 37 जिला परिषदों के सभी 1275 और 419 पंचायत समितियों के 7543 में से 7542 वार्डों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जिला परिषदों के 62 फीसदी से ज्यादा और पंचायत समितियों के 50 प्रतिशत से ज्यादा वार्ड अकेले कांग्रेस ने जीते हैं। बीजेपी ने जिला परिषद के 28.16% और पंचायत समितियों के 29.41% वार्ड में ही जीत मिली है। बीजेपी की हार पर पंजाब गवर्नर गुलाबचंद कटारिया ने कहा- परिणाम अच्छे नहीं हैं। जनता हमसे नाराज है, इसका मतलब हमारे काम में कोई कमी है, जो कमी है उस कमी को सुधारना चाहिए। इस हार के पीछे क्या कारण रहे, इस पर विचार कर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### पंचायत समितिः 7,542 सीटों का गणित

| पार्टी | पंस वार्ड जीते | वार्ड प्रतिशत |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 3,772 | 50.01% |
| बीजेपी | 2,218 | 29.41% |
| निर्दलीय | 664 | 8.80% |
| आरएलपी | 497 | 6.59% |
| बाप | 278 | 3.69% |
| बसपा | 61 | 0.81% |

### जिला परिषदः 1275 वार्ड का गणित

| पार्टी | वार्ड जीते | वार्ड प्रतिशत |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 796 | 62.43% |
| बीजेपी | 359 | 28.16% |
| आरएलपी | 51 | 4.00% |
| बाप | 43 | 3.37% |
| निर्दलीय | 13 | 1.02% |
| सीपीएम | 7 | 0.55% |
| बसपा | 6 | 0.47% |

## चलते लोडिंग टेम्पो में आग लगीः बड़ा हादसा टला




जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

हरमाड़ा थाना इलाके में चलते लोडिंग टेम्पो में अचानक आग लग गई। टेम्पो 200 फीट बाइपास से 14 नंबर रोड की तरफ जा रहा था। आग सोमवार सुबह करीब सवा दस बजे लगी। लोहामंडी कट के पास पहुंचते ही टेम्पो से अचानक धुआं उठने लगा। शुरुआत में चालक बलवीर तोमर को लगा कि साइलेंसर से धुआं निकल रहा है, लेकिन कुछ देर बाद पास से गुजर रहे एक व्यक्ति ने टेम्पो से तेज धुआं निकलने की जानकारी दी।

इसके बाद चालक ने तुरंत टेम्पो रोक दिया। देखते ही देखते धुआं आग की लपटों में बदल गया। टेम्पो में आग बढ़ती देखकर चालक बलवीर और आसपास मौजूद लोग मदद के लिए आगे आए। सभी ने पानी डालकर आग पर काबू पाया जिससे बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल आग लगने के कारणों और टेम्पो में हुए नुकसान का पता नहीं चल पाया है।

## देसी शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जूम न्यूज ▶▶| चूरू

चूरू जिले की तारानगर पुलिस ने 192 पव्वे अवैध देसी शराब जब्त कर संजय कुमार नायक को गिरफ्तार किया। शराब की कीमत करीब 6,050 रुपए बताई गई है। तारानगर थाने के एएसआई राजूसिंह पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। वे गांव सात्युं बस स्टैंड के पास पहुंचे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि राजपुरा गांव में नायकों के मोहल्ले से पूनिया की ढाणी जाने वाले कच्चे रास्ते पर चुन्नीलाल के घर के सामने एक युवक शराब के कट्टों के साथ खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक कट्टे लेकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजपुरा निवासी संजय कुमार नायक बताया। तलाशी में दो कट्टों से राजस्थान निर्मित ढोला मारू देसी शराब के 192 पव्वे मिले। इनमें 130 पव्वे स्ट्रांग देसी शराब और 62 पव्वे सादा देसी शराब के थे। संजय के पास शराब रखने या ले जाने का लाइसेंस अथवा परमिट नहीं मिला।

## वसुंधरा राजे ने दबंगता से राज किया, बैठकों में ब्यूरोक्रेट बीमार पड़ जाते थेः अशोक गहलोत

### राजे-भजनलाल के राज में दिन-रात का फर्क

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर



मेरे वसुंधरा राजे से बहुत मतभेद रहे थे। हमारी तो पहले कार्यकाल में पांच साल तक बोलचाल ही नहीं रही थी, लेकिन उनके काम करने के तरीके और इनके (भजनलाल शर्मा) तरीके में दिन-रात का फर्क है। वे केंद्रीय मंत्री भी रही थीं। उन्होंने उन अनुभवों का यहां पर लाभ लिया। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने वसुंधरा राजे सरकार और मौजूदा बीजेपी सरकार की तुलना करते हुए कहा। गहलोत सोमवार सुबह अपने जयपुर आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

गहलोत ने कहा- वसुंधरा राजे ने दबंगता से सरकार चलाई, ब्यूरोक्रेसी को कंट्रोल में रखा बल्कि ज्यादा ही कंट्रोल में रखा। कई ब्यूरोक्रेट तो उनकी मीटिंग्स में बीमार पड़ जाते थे, ऐसे भी किस्से हुए हैं। उन्होंने अपने तरीके से राज किया और जमकर किया। उन्होंने हमारे खिलाफ कैंपेन भी किए, चुनाव जीते भी और सरकार भी चलाई।

**आज भी भजनलाल शर्मा के प्रति मेरी कोई शिकायत नहीं:** गहलोत ने कहा- वे हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। गवर्नर और मुख्यमंत्री का हमेशा सम्मान करना चाहिए, यह हमने सीखा है। मैंने अभी दीपावली पर उनको शुभकामनाएं दी। बर्थडे, दीपावली, होली के मौकों पर हमारे सामाजिक संबंध बने रहने चाहिए। निवेश समिट, प्रवासी समिट से कुछ नहीं होता, उससे कोई निवेश नहीं आता गहलोत ने कहा- सरकार नाम की चीज नहीं है, ब्यूरोक्रेसी कह रही है, ब्यूरोक्रेसी से ज्यादा उनकी पार्टी के लोग कह रहे हैं। जनता कह रही है कि हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। हमारे काम नहीं हो रहे, गवर्नेंस नाम की चीज नहीं है। भजनलालजी को एक मौका मिला उनको सोच समझकर आगे बढ़ने चाहिए था। वे तो जल्दी विदेश चले गए थे, क्या जरूरत थी विदेश जाने की? रिसर्जेंट राजस्थान खाली कागजों में होता है। आपने वह आयोजित कर दिया, फिर कहा हर साल करेंगे, उसकी क्या जरूरत है? उसकी कोई जरूरत नहीं है।

# ACB जांच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे आईएएस शिखर अग्रवालः 64 विला खरीद मामले में कार्रवाई पर रोक की मांग

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

एक कंपनी से 64 विला-कॉटेज खरीदने के मामले में APO चल रहे IAS शिखर अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इस याचिका में शिखर अग्रवाल की ओर से एसीबी जांच, गिरफ्तारी और किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई है। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की तारीख तय होना बाकी है। हालांकि इसी सप्ताह सुनवाई की संभावना है। इससे पहले शिखर अग्रवाल ने ACB जांच के खिलाफ हाईकोर्ट याचिका दायर की थी, लेकिन कोई राहत नहीं मिली थी।

शिखर अग्रवाल की तरफ से दायर याचिका में गलत तरीके से फंसाने का तर्क दिया गया है। हाईकोर्ट में दायर याचिका में जो





तर्क पेश किए गए थे, वही तर्क सुप्रीम कोर्ट की याचिका में शामिल किए गए हैं। शिखर अग्रवाल की याचिका से पहले ही राजस्थान सरकार सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर कर चुकी है। अब सुप्रीम कोर्ट शिखर अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोई भी फैसला देने से पहले राज्य सरकार का पक्ष भी सुनेगा।

**हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहतः** शिखर अग्रवाल ने 17 नवंबर को अपने खिलाफ एसीबी जांच को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने 19 नवंबर को याचिका पर सुनवाई करते हुए शिखर अग्रवाल को राहत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा था और 18 दिसंबर को अगली सुनवाई तय की थी।

### एसीबी की FIR में हुआ था 64 विला का खुलासा

27 अक्टूबर को IAS शिखर अग्रवाल, उनकी IPS पत्नी प्रशाखा माथुर, दोनों बेटों और सास-ससुर के नाम पर ढाई साल में एक ही कंपनी से 40 विला-कॉटेज खरीदने का खुलासा किया था। एसीबी ने 18 नवंबर को IAS शिखर अग्रवाल सहित गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड (अनंता रिसॉर्ट्स) के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एसीबी ने मामले में गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक मुकुंद शरण गोयल, प्रबंध निदेशक संजय गोयल और अन्य को भी आरोपी बनाया है। एसीबी ने पहले 40 विला-कॉटेज खरीद मामले में IAS शिखर अग्रवाल के खिलाफ 31 अक्टूबर को पीई दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में खुलासा हुआ कि शिखर ने जयपुर के अनंता रिसॉर्ट में दोनों बेटों के नाम अक्टूबर में 24 विला 11-11 लाख रुपए में खरीदे थे, जबकि कंपनी के ब्रोशर में कीमत 59-59 लाख रुपए है। इस खुलासे के बाद शिखर और उनके परिवार की ओर से खरीदे गए विला की संख्या 40 से बढ़कर 64 हो गई। एसीएस शिखर अग्रवाल ने विदेश से लौटने के बाद अपना एसीबी में 16 नवंबर को अपना पक्ष रखते हुए प्रतिवेदन दिया। इसमें खुद के साथ पत्नी और दूसरे परिजनों की प्रॉपर्टी का ब्योरा था। इसमें दोनों बेटों के नाम इसी साल 15 अक्टूबर को जयपुर में खरीदे 24 विला भी शामिल थे।

## उपमुख्यमंत्री बोलीं- बच्चों के विकास को मिलेगी नई दिशा

जूम न्यूज ▶▶| जयपुर

उप-मुख्यमंत्री और बाल अधिकारिता मंत्री दीया कुमारी ने स्वस्थ राजस्थान के निर्माण के लिए बच्चों का स्वस्थ रहना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही केयर लीवर्स के आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा पंजीयन और जन आधार से संबंधित मामलों पर चर्चा करते हुए कार्रवाई करने को कहा।

दीया कुमारी ने सचिवालय में सोमवार को बाल अधिकारिता विभाग और महिला व बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर विभागीय योजनाओं, परियोजनाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की।

## डीएसटी ने खेजड़ी की लकड़ी से भरी दो पिकअप पकड़ी

### हरियाणा के दो ड्राइवर गिरफ्तार

जूम न्यूज ▶▶| चूरू



चूरू जिले में जिला विशेष टीम (DST) ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए ढाढर टोल नाके पर खेजड़ी की हरी लकड़ी से भरी दो पिकअप पकड़ीं। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर हरियाणा के दो ड्राइवरों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई रात करीब एक बजे डीएसटी प्रभारी एसआई किशनाराम के नेतृत्व में की गई।

डीएसटी की टीम रविवार देर रात ढाढर टोल नाके पर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान वहां पहुंची दो पिकअप को रुकवाकर तलाशी ली गई। जांच में दोनों वाहनों में खेजड़ी की हरी लकड़ी भरी मिली। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवरों से लकड़ी के परिवहन के संबंध में जानकारी मांगी और दोनों पिकअप को जब्त कर लिया। पुलिस के अनुसार, एक पिकअप का चालक कामान, राजगढ़ निवासी सुनील था। वहीं दूसरी पिकअप में बीदवान, सिवानी (हरियाणा) निवासी विजेन्द्र सिंह नायक सवार था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। डीएसटी ने जब्त की गई दोनों पिकअप और उनमें भरी खेजड़ी की लकड़ी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए दूधवाखारा थाने के डीओ हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह को सौंप दिया।

# भारतीय नौसेना को मिला स्वदेशी पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आशंक', समुद्री ताकत होगी मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत में एक और स्वदेशी युद्धपोत जुड़ने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के सार्वजनिक उपक्रम गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड जीआरएसई ने सोमवार को पनडुब्बी रोधी युद्धपोत 'आशंक' नौसेना को सौंप दिया। यह जीआरएसई का बनाया 120वां युद्धपोत है। खास बात यह है कि जीआरएसई ने महज 18 दिन के भीतर अपना दूसरा युद्धपोत नौसेना को सौंपा है। इससे पहले 5 नवंबर को 'अमिनी' युद्धपोत की आपूर्ति की गई थी।

'आशंक' को पूर्वी नौसेना कमान के मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी तकनीकी रियर एडमिरल गौतम मरवाहा की मौजूदगी में नौसेना को सुपुर्द किया गया। आशंक नाम का अर्थ है निडरता और निर्भीकता। अपने नाम के अनुरूप यह युद्धपोत समुद्र में छिपी दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उनसे निपटने में भारतीय नौसेना की मदद करेगा। इसे खास तौर पर तटीय और उथले समुद्री क्षेत्रों में पनडुब्बी रोधी अभियानों के लिए तैयार किया गया है। इससे समुद्र के तटीय इलाकों में भारतीय नौसेना की निगरानी और कार्रवाई करने की क्षमता मजबूत होगी।

## 18 दिन के भीतर अपना दूसरा युद्धपोत नौसेना को सौंपा, अब तक जीआरएसई120 युद्धपोत बना चुका

*समुद्र में छिपी दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने में माहिर*

*इससे पहले 5 नवंबर को 'अमिनी' युद्धपोत की आपूर्ति की गई थी*

### 88 प्रतिशत उपकरण देश में ही हुए तैयार



'आशंक' की एक बड़ी खासियत इसका स्वदेशी निर्माण है। इसमें करीब 88 प्रतिशत उपकरण और प्रणालियां देश में ही तैयार की गई हैं। युद्धपोत पर लगी 30 मिलीमीटर की नौसैनिक सतही तोप भी जीआरएसई ने बनाई है। यह युद्धपोत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी तकनीक की बढ़ती ताकत का उदाहरण है। इस युद्धपोत की आपूर्ति के साथ जीआरएसई अब तक 120 युद्धपोत बना चुका है। इनमें से 82 भारतीय नौसेना को सौंपे जा चुके हैं।

### नौसेना समुद्री ताकत बढ़ाने में जुटा

जीआरएसई का कहना है कि फिलहाल वह 12 प्रमुख अन्य नौसैनिक पोतों का निर्माण कर रही है। इनमें एक उन्नत स्टील्थ फ्रिगेट, दो पनडुब्बी रोधी युद्धपोत, चार अगली पीढ़ी के अपतटीय गश्ती पोत और पांच अगली पीढ़ी के कार्वेट शामिल हैं। इसके अलावा 36 अन्य पोत भी बनाए जा रहे हैं, जिनमें 13 निर्यात के लिए हैं। इस तरह जीआरएसई एक ओर भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत बढ़ाने में जुटा है, तो दूसरी ओर स्वदेशी युद्धपोत निर्माण के क्षेत्र में देश की क्षमता का भी विस्तार कर रहा है। गौरतलब है कि शुक्रवार को ही नौसेना के बेड़े में समुद्री स्पोर्ट क्राफ्ट 'डीएससी ए21' को शामिल किया गया था। डीएससी ए21, पांच गोताखोरी सहायता पोतों की परियोजना के तहत बनाया गया दूसरा पोत है। इसे 20 नवंबर को नौसेना के डॉकयार्ड में नौसेना को सौंपा गया। यह पोत समुद्र की गहराइयों में गोताखोरों के अभियानों से लेकर पानी के नीचे निरीक्षण और मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण कामों में मदद करेगा।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में गोलीबारी में 3 की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओहायो राज्य में एक बेबी शॉवर समारोह के दौरान गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, शुरुआती जानकारी में मामला घरेलू विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। घटना के बाद पुलिस ने 29 वर्षीय एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। दक्षिण में स्थित पार्मा शहर के पैंडोरा मैजिकल इवेंट्स वेन्यू में गोलीबारी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को मृत पाया और एक घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया।



### कैंडी कारखाने में आग 3 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बैंटन प्रांत में कैंडी बनाने वाले एक कारखाने में आग लग गई जिससे इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 36 अन्य कर्मचारी लापता हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आग जकार्ता से सटे बैंटन प्रांत के सेरांग जिले में स्थित पीटी फोनुसा अगुंग मुलिया कारखाने में लगी। इस कारखाने में मिल्किटा ब्रांड की दूध से बनी कैंडी और नाश्ते के लिए खाद्य पदार्थ तैयार किए जाते हैं। राष्ट्रीय तलाश एवं बचाव एजेंसी ने एक बयान में कहा कि 15 लोगों को जीवित बचा लिया गया, जिनमें चार घायल कर्मचारी भी शामिल हैं। बचाव दल लापता 36 कर्मचारियों की तलाश में जुटे हुए हैं।



### कनाडा:गुरुद्वारे में भिड़े 2 गुट, अभद्रता हुई

**कनाडा।** गुरुद्वारा परिसर के भीतर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस के बाद जमकर धक्कामुक्की और मारपीट हुई। वायरल वीडियो में लोग एक-दूसरे का गला पकड़ते और थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं, जिस दौरान कई लोगों के साथ अभद्रता की गई। इस झड़प के पीछे मुख्य रूप से प्रबंधक कमेटी पर नियंत्रण कब्जा, गुरुद्वारे की 'गोलक' दान पात्र के हिसाब-किताब में पारदर्शिता की कमी और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप जैसे मुद्दे सामने आए हैं।



# भारत-नेपाल के रिश्ते हिमालय जैसे ऊंचे

> द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने सहयोग के कई नए रास्ते खोले, सहयोग पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*समझौतों के जरिए दोनों देश पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़ेंगे*

*लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य कर इस मौके का जश्न मनाया*

भारत और नेपाल के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक रिश्तों को आर्थिक एवं रणनीतिक साझेदारी में बदलने की दिशा में सोमवार को एक महत्वपूर्ण पहल हुई। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह के दो दिवसीय भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई द्विपक्षीय वार्ता में दोनों देशों ने सहयोग के कई नए रास्ते खोले। इस बैठक में नेपाल के पुनर्निर्माण, आर्थिक विकास, ऊर्जा, रेल संपर्क, स्वास्थ्य, सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और कृषि समेत कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

पीएम मोदी ने कहा कि पुल शुरू होने से भारत और नेपाल के बीच व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। उद्घाटन के दौरान छारछुम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुटे। समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य कर इस मौके का जश्न मनाया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### आठ समझौतों से सहयोग के नए रास्ते खुले

मोदी और बालेन शाह की बैठक का एक महत्वपूर्ण परिणाम आठ समझौतों पर हस्ताक्षर रहा। इन समझौतों के जरिए दोनों देश पारंपरिक सहयोग से आगे बढ़कर तकनीक, प्रशासन, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास के क्षेत्रों में साझेदारी मजबूत करेंगे।

> बालेन ने पीएम मोदी को नेपाल आने का दिया न्यौता, दोनों देश मिलकर करेंगे काम

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देशों के रिश्ते हिमालय की तरह मजबूत और महासागरों की तरह व्यापक हैं। उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच संबंध आपसी सम्मान, विश्वास और सद्भाव पर आधारित हैं। दोनों देशों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना होगा।



प्रधानमंत्री बालेन शाह

बालेन शाह ने जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि हिमालय से निकलने वाली नदियां पूरे क्षेत्र के करोड़ों लोगों के जीवन का आधार हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेपाल आने का निमंत्रण भी दिया। साथ ही भारतीय नागरिकों से पशुपतिनाथ सहित नेपाल के धार्मिक और पर्यटन स्थलों की यात्रा करने की अपील की।

### व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने की कोशिश

- नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ 52 सदस्यीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया था। इस दौरे का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के अवसरों को बढ़ाना भी रहा।
- बालेन शाह ने भारतीय निवेशकों को नेपाल में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की आर्थिक समृद्धि के लिए कारोबारी साझेदारी को और मजबूत करने की आवश्यकता है।
- भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच खुली सीमा, पारंपरिक व्यापारिक संबंध और लोगों की आवाजाही आर्थिक साझेदारी को विशेष महत्व देते हैं।
- शिक्षा, स्टार्टअप, तकनीकी प्रशिक्षण और खेल के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने की संभावनाएं हैं। नेपाल के युवाओं को भारतीय संस्थानों के माध्यम से प्रशिक्षण देने और वहां उच्च शिक्षा के अवसर बढ़ाने जैसे विषय भी द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक एजेंडे का हिस्सा रहे हैं।

### भारत-नेपाल के बीच सड़क और सीमा संपर्क मजबूत होगा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच सड़क और सीमा संपर्क को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड और नेपाल के बीच धारचूला में सड़क पुल का उद्घाटन किया गया है। साथ ही बनबसा में एकीकृत जांच चौकी की आधारशिला रखी गई है। मोदी ने कहा कि इन परियोजनाओं से उत्तराखंड और नेपाल के बीच व्यापार और लोगों की आवाजाही आसान होगी। इसके अलावा बिहार और उत्तर प्रदेश समेत भारत के कई राज्यों को नेपाल से जोड़ने वाली सड़क, रेल और सीमा संपर्क परियोजनाओं को भी तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### दोनों देशों के संबंधों के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह दौरा?

भारत और नेपाल के बीच संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के राजनयिक रिश्ते नहीं हैं। दोनों देशों के बीच खुली सीमा, साझा संस्कृति, धार्मिक आस्था, पारिवारिक संबंध और आर्थिक निर्भरता का लंबा इतिहास रहा है। सांस्कृतिक और जन-संपर्क: साझा आस्था, संस्कृति और दोनों देशों के नागरिकों की आवाजाही को बढ़ावा मिलने से पारस्परिक संबंध और गहरे होते हैं।

### 100 मिसाइलें बनाने का था प्लान?

# चीन से बांग्लादेश जा रहा जहाज इंडोनेशिया में जब्त



इंडोनेशिया में पकड़ा गया चीन-बांग्लादेश रूट का जहाज (एआई सांकेतिक तस्वीर)

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशियाई नौसेना ने बेलावन के समुद्री क्षेत्र में कोमोरोस ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज को जब्त किया है, जिस पर 405 टन सोडियम परक्लोरेट लदा था। यह एक शक्तिशाली ऑक्सीडाइजिंग केमिकल है, जिसका इस्तेमाल औद्योगिक कामों के साथ-साथ रॉकेट ईंधन और कुछ विस्फोटकों के निर्माण में भी होता है।

जहाज का नाम एमव्ही स्टॉर लाइन बताया गया है, जिसे 7 नवंबर को हिरासत में लिया गया था। यह जहाज चीन के लियानयुंगांग बंदरगाह से बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह जा रहा था। इंडोनेशियाई नौसेना के क्षेत्रीय कमान-1 के कमांडर रियर एडमिरल डेनी सेप्टियाना ने 20 नवंबर को बेलावन में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बड़ी कार्रवाई का खुलासा किया।

### 5 कंटेनरों में मिला केमिकल, लाखों सिम कार्ड भी बरामद

इंडोनेशियाई नौसेना के अनुसार, जहाज पर कुल 36 कंटेनर थे, जिनमें से 15 कंटेनरों में 405 टन सोडियम परक्लोरेट भरा हुआ था। रियर एडमिरल डेनी सेप्टियाना ने बताया कि जब्त की गई इस केमिकल की मात्रा से संभावित रूप से 100 मिसाइलों का निर्माण किया जा सकता था। जहाज से 54 पैलेट भी मिले हैं, जिनमें लाखों की संख्या में अनरजिस्टर्ड खाली 4जी सिम कार्ड रखे थे। खास बात यह है कि जहाज को 8 नवंबर की दोपहर तक बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह पहुंचना था।

### ऐसे पकड़ा गया जहाज?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जहाज ने ईंधन भरने के लिए बेलावन के जलक्षेत्र में रुकावट ली थी, तभी नौसेना के कर्मियों को इसकी संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। नौसेना के गश्ती जहाज केआरआई सिगालू-857 ने देखा कि जहाज अपने तय रूट से हटकर चल रहा है। इसके बाद गश्ती दल ने जहाज से संपर्क कर जांच की, जिसमें दस्तावेजों और माल को लेकर कई गड़बड़ियां सामने आईं।

### अमेरिका की ईरान को फिर धमकी

# अब भी समझौता नहीं हुआ तो सैन्य कार्रवाई का विकल्प खुला

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि अगर नए साल तक ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका फिर से सैन्य हमले शुरू कर सकता है। मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि वह ईरान पर दोबारा हमला करने के पक्ष में हैं। उन्होंने ईरान के बातचीत के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि तेहरान लगातार बातचीत कर रहा है, लेकिन किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच रहा।



डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने ईरान के बातचीत करने के तरीके पर नाराजगी जताई। उन्होंने ईरानी पक्ष को 'पेशेवर कलाबाज' बताते हुए कहा कि वह बातचीत के नाम पर सिर्फ समय बिता रहा है। ट्रंप ने कहा वे हर समय बात करते रहते हैं।

वे सिर्फ बातें करते हैं, लेकिन यह सब बकवास है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान के तेल टैंकर अमेरिकी नाकेबंदी को परखने की कोशिश करते हैं तो उन्हें समुद्र की तलहटी में पहुंचा दिया जाएगा। ट्रंप ने ईरान की नौसेना का जिक्र करते हुए यह चेतावनी दी।

### खाली कराए गए परिसर

# जर्मनी के 450 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

जर्मनी में सोमवार को लगभग 450 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। धमकी के बाद सभी छात्रों और स्टाफ को बाहर निकाला गया और इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

मीडिया को मिली रिपोर्ट के अनुसार अलग-अलग स्कूलों में संदिग्ध बम धमकियों की सूचना मिली है, जिनमें इमरजेंसी लाइन पर आई कॉल भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह धमकी भरा ईमेल लगभग 450 स्कूलों को भेजा गया था। धमकी भेजने वाले की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। इस महीने की शुरुआत में, यूरोप



के कई देशों में उड़ानों, मीडिया संस्थानों और स्कूलों को निशाना बनाते हुए बम की कई झूठी धमकियां दी गईं। 11 नवंबर को, इटली के लगभग 6,000 स्कूलों, और स्कॉटलैंड, उत्तरी आयरलैंड और आयरलैंड गणराज्य के 700 स्कूलों को बम की झूठी धमकियां मिलीं।

### अनुशासन, टीमवर्क और मानवीय मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया

# लखनऊ पहुंचे वायुसेना प्रमुख ने बच्चों से कहा चरित्र बनाएं, सिर्फ सीवी नहीं....ईमानदारी से काम करें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने छात्रों से जिज्ञासु बने रहने, वैज्ञानिक सोच विकसित करने और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य युवा पीढ़ी के सपनों, फैसलों और प्रयासों से ही आकार लेगा।

सीएमएस सुशांत गोल्फ सिटी में दो दिवसीय विज्ञान मेले को संबोधित करते हुए वायुसेना प्रमुख ने कहा कि इस संस्थान ने उन्हें सिर्फ अकादमिक आधार ही नहीं दिया, बल्कि निस्वार्थ सेवा की भावना और यह विश्वास भी दिया कि व्यक्ति अपने से बड़ी किसी चीज के लिए होता है। उन्होंने कहा शायद इसीलिए मैंने वर्दी वाला यह जीवन चुना। स्कूल के दिनों को याद करते हुए उन्होंने समाज की सेवा के बारे में सीखे गए पाठों का जिक्र किया। संस्थान के पूर्व छात्र के रूप में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा जब मैं आप सभी को देखता हूं, तो मुझे भारत का भविष्य दिखता है। मुझे आपके भीतर वैज्ञानिक, इंजीनियर, पायलट, रक्षा अधिकारी, अंतरिक्ष यात्री, उद्यमी, कलाकार और नेता दिखते हैं।



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने विज्ञान मेले का किया शुभारंभ।

## सावधान! गृह मंत्रालय की साइबर यूनिट ने जारी की एडवाइजरी

# वाट्सएप अकाउंट में लग रही सेंध, पढ़े जा रहे दूसरे यूजर के मैसेज!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वाट्सएप पर निजी बातचीत और जरूरी जानकारी साझा करने वाले लोगों के लिए साइबर सुरक्षा से जुड़ी एक अहम चेतावनी सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर आई4सी की नेशनल साइबरक्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट एनसीटीएयू ने वाट्सएप वेब के इस्तेमाल को लेकर आगाह किया है। यूनिट के मुताबिक, कुछ खास परिस्थितियों में प्रमाणित वाट्सएप वेब सेशन का गलत इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति के अकाउंट तक बिना अनुमति पहुंच बनाई जा सकती है। इससे आपकी निजी चैट, संपर्क और ग्रुप की बातचीत दूसरे व्यक्ति के हाथों में जा सकती है।

> गृह मंत्रालय की साइबर यूनिट ने चेतावनी दी है कि कुछ परिस्थितियों में वाट्सएप वेब सेशन का गलत इस्तेमाल कर किसी व्यक्ति के अकाउंट तक अनधिकृत पहुंच बनाई जा सकती है

*साइबर अपराधी इस भरोसे का फायदा उठाकर लोगों को धोखा दे सकते हैं*

*वाट्सएप वेब से निजी चैट पढ़ी जा सकती है*

### वाट्सएप वेब अकाउंट का हो सकता है गलत इस्तेमाल?

एनसीटीएयू के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति के वाट्सएप वेब सेशन तक किसी दूसरे व्यक्ति की अनधिकृत पहुंच बन जाती है, तो वह अकाउंट का इस्तेमाल यूजर की तरह कर सकता है। वह निजी मैसेज पढ़ने के साथ दूसरों को आपकी पहचान से मैसेज भी भेज सकता है। इसके अलावा आपके कॉन्टैक्ट्स और ग्रुप में चल रही बातचीत तक पहुंच बना सकता है। साइबर अपराधी इस भरोसे का फायदा उठाकर लोगों को धोखा दे सकते हैं। वे आपकी पहचान का इस्तेमाल करके फिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग और दूसरी तरह की धोखाधड़ी कर सकते हैं। यानी आपके नाम से भेजे गए मैसेज पर परिचित लोग भरोसा कर सकते हैं और ठगी का शिकार हो सकते हैं।



### सार्वजनिक कंप्यूटरों पर वाट्सएप वेब का इस्तेमाल करना ज्यादा जोखिम भरा?

साइबर यूनिट ने खास तौर पर ऑफिस, साझा और सार्वजनिक कंप्यूटरों पर व्हाट्सएप वेब इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने को कहा है। ऐसे कंप्यूटरों का इस्तेमाल कई लोग करते हैं, इसलिए उन पर लॉग-इन किया गया अकाउंट असुरक्षित हो सकता है। साइबर कैफे, सार्वजनिक कियोस्क, होटल के बिजनेस सेंटर और किसी दूसरे व्यक्ति से उधार लिए गए कंप्यूटर पर वाट्सएप वेब खोलने से बचना चाहिए। सरकारी, वित्तीय, संगठन से जुड़ी या गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान भी कंप्यूटर पर वाट्सएप वेब के जरिए नहीं करना चाहिए। आधिकारिक और संवेदनशील काम के लिए संगठनों को भी इससे बचने की सलाह दी गई है।

### 12 जगह लगेंगे स्पीड डिटेक्शन सिस्टम

# वैष्णो देवी मार्ग पर अब तेज रफ्तार नहीं चलेंगे वाहन

एजेंसी ▶▶ जम्मू

श्री माता वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग पर वाहनों की रफ्तार पर हर पल कड़ी निगरानी रखी जाएगी। श्राइन बोर्ड मार्ग पर 12 स्थानों पर फिक्स्ड स्पीड डिटेक्शन सिस्टम और स्पीड गन लगाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए टेंडर जारी किया गया है।

श्राइन बोर्ड के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेसीईओ की ओर से यह टेंडर आमंत्रित किया गया है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार इन फिक्स्ड सिस्टम की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग की संपूर्ण जिम्मेदारी चयनित फर्म की होगी।



इसके लिए बयाना राशि 1.35 लाख रुपये निर्धारित की गई है।

जानकारी के मुताबिक बोली 8 दिसंबर को खोली जाएगी। इससे पहले कटड़ा स्थित श्राइन बोर्ड कार्यालय में 25 नवंबर को प्री-बिड बैठक आयोजित की गई है।



## 'गांधी' सीरीज में प्रतीक के साथ टॉम भी आएंगे नजर

**नई दिल्ली।** अभिनेता प्रतीक गांधी इन दिनों अपनी अपकमिंग सीरीज 'गांधी' को लेकर चर्चा में हैं। हंसल मेहता के निर्देशन में बन रही इस सीरीज में वह महात्मा गांधी की भूमिका निभा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट की खास बात यह है कि इसमें उनके साथ हॉलीवुड अभिनेता टॉम फेल्टन भी नजर आएंगे, जिन्हें दुनिया भर में 'हैरी पॉटर' फ्रेंचाइजी के ड्रेको मैल्फॉय के नाम से जाना जाता है। हालांकि, प्रतीक के लिए यह साथ काम करने का मौका जितना खास था, उससे कहीं ज्यादा उत्साह उनके घर में देखने को मिला। दरअसल, उनकी बेटी हैरी पॉटर की बहुत बड़ी फैन हैं।

## लाइफ Style

## साई

### रामायण की सफलता के बाद पहुंचीं पुट्टपर्थी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'रामायण' की शानदार सफलता के बाद अभिनेत्री साई पल्लवी आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी पहुंचीं। इस दौरान एक्ट्रेस ने वहां पूजा अर्चना कर भजन भी गाए। बता दें कि, साईं पल्लवी श्री सत्य साईं बाबा की बड़ी भक्त हैं। 23 नवंबर को श्री सत्य साईं बाबा की 100वीं जयंती के मौके पर पुट्टपर्थी में खास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

साई पल्लवी को अक्सर नए साल और खास मौकों पर पुट्टपर्थी में देखा जाता है। अब प्रशांति निलयम के साई कुलवंत हॉल से उनके कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में एक्ट्रेस आंखें बंद करके प्रार्थना करती नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ वीडियो में वह दूसरे भक्तों के साथ भजन गाती भी दिखाई दे रही हैं। एक फैन ने सोमवार को होने वाले शताब्दी समारोह का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें कई महिलाएं भजन गाते हुए आगे बढ़ती नजर आ रही हैं। उनके साथ सबसे आगे साई पल्लवी भी चल रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस बेहद सादे सलवार सूट में दिखाई दीं। समारोह के लिए पूरे पुट्टपर्थी को रंग-बिरंगे झंडों से सजाया गया है। जब रविवार शाम को फैंस को पता चला कि साई पल्लवी पुट्टपर्थी में मौजूद हैं, तो कई लोग प्रार्थना हॉल के बाहर उन्हें देखने के लिए इकट्ठा हो गए। कुछ देर बाद एक्ट्रेस बाहर आईं और फैंस का अभिवादन करते हुए हाथ हिलाया। इसके बाद वह वापस प्रार्थना के लिए चली गईं। इस दौरान उन्होंने उनसे मिलने आए फैंस का शुक्रिया भी अदा किया। खास मौके पर एक्ट्रेस पारंपरिक सिल्क साड़ी पहने नजर आईं। फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में हैं।



## हॉलीवुड मसाला



## 'एवेंजर्स' में निभाएंगी केट बिशप का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेत्री हैली स्टेनफेल्ड मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में वापसी कर रही हैं। वे 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में केट बिशप के रोल में नजर आएंगी। मार्वल स्टूडियोज और डिज्नी एनिमेशन के साझा ऐलान के बाद हैली की एमसीयू में वापसी की पुष्टि हुई है। साझा किए गए वीडियो में स्टेनफेल्ड अपनी आगामी फिल्म 'हेक्स्ड' का प्रमोशन करते हुए दिखाई दे रही हैं। वीडियो में स्टेनफेल्ड कहती हैं, 'अरे, तो मैं अपनी फिल्म 'हेक्स्ड' के साथ यहां हूं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी दूसरी फिल्म की कुर्सी दी है'।



## एक-दूसरे के हुए पॉप स्टार माइली और मैक्स

लॉस एंजिल्स। पॉप स्टार माइली साइरस ने 21 नवंबर को संगीतकार मैक्स मोरंडो से शादी कर ली। शादी समारोह कैलिफोर्निया के पाम स्प्रिंग्स में एक निजी समारोह में हुआ। लगभग पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद इस जोड़े ने सोशल मीडिया पर अपनी पहली तस्वीरें साझा करके शादी की पुष्टि की। रविवार को एक संयुक्त इंस्टाग्राम पोस्ट में साइरस और मोरंडो ने शादी की कुछ तस्वीरें साझा कीं। माइली साइरस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इन तस्वीरों को फिर से शेयर किया और बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर अपना गाना 'लेट्स गेट मैरिड' जोड़ा। तस्वीरों में साइरस एक शानदार लंबी आस्तीन वाला सफेद गाउन पहने नजर आ रही हैं। जिसमें एक स्ट्रक्चर्ड चोली और पीछे की तरफ लंबा फैला हुआ हिस्सा (ट्रेन) है।




## हैदराबाद में बना काशी का भव्य संसार

**मुंबई।** एसएस राजामौली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वाराणसी' रिलीज से पहले ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। महेश बाबू, प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह है। अब फिल्म से जुड़ा एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है। इसमें एप्पल एप के जरिए हैदराबाद में बनाए गए एक विशाल सेट की तस्वीरें दिखाई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि यह फिल्म के लिए तैयार किया गया काशी यानी वाराणसी का भव्य सेट है। हालांकि, मेकर्स की ओर से अभी तक इन तस्वीरों या सेट के फिल्म से जुड़े होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस कथित लीक के सामने आने के बाद फिल्म की शूटिंग से जुड़ी गोपनीयता और प्रोडक्शन सिक्योरिटी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।



## सद्गुरु के सामने नतमस्तक हुईं तमन्ना...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी खूबसूरती और शानदार एक्टिंग के साथ-साथ अपनी धार्मिक आस्था को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस को कई बार भगवान शिव की भक्ति में लीन देखा गया है। अब एक बार फिर तमन्ना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लेती नजर आ रही हैं। उनका यह अंदाज लोगों का ध्यान खींच रहा है। दरअसल, 22 नवंबर को मुंबई में सद्गुरु की फोटो एस्से बुक 'डिसअपीयरिंग फेसेस' के लॉन्च का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में तमन्ना भाटिया भी पहुंची थीं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि सद्गुरु जैसे ही अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में पहुंचते हैं, तमन्ना उनके पास जाती हैं और पहले झुककर उनके पैर छूती हैं। इसके बाद दोनों कुछ देर बातचीत करते नजर आते हैं।

## टीवी मसाला



## 'इंडियन आइडल' में इमरान और हिमेश ने ताजा कीं पुरानी यादें

**नई दिल्ली।** इमरान हाशमी अपनी अगली फिल्म के प्रमोशनल के लिए शो 'इंडियन आइडल' में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंच पर वापसी को लेकर खुशी जाहिर की। साथ ही एक्टर ने अगली फिल्म पर खुलकर बात भी की। इमरान ने हिमेश के साथ अपने 21 साल पुराने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा, 'यार, एक बात मैं कह सकता हूं कि देर आए, लेकिन दुरुस्त आए। 21 साल हो गए। फिल्में बदल गईं, गाने बदल गए और हम भी थोड़े बदल गए, लेकिन दर्शकों का प्यार आज भी वैसा ही है और हमेशा बना हुआ है।' इमरान ने अपनी फिल्मों के गानों के लिए हिमेश को इसका पूरा श्रेय दिया। उन्होंने कहा, 'चाहे टीजर हो, ट्रेलर हो या गाने, इसका क्रेडिट मैं नहीं लूंगा। इसका पूरा श्रेय हिमेश को जाता है। यह उनका टैलेंट है। मुझे तो सिर्फ इतना कहा जाता था कि इधर से उधर जाओ और लिप-सिंक करो।' वहीं, हिमेश रेशमिया ने भी इमरान की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा गाना हो या किसी और का, इमरान का म्यूजिक कभी फेल नहीं होता, क्योंकि इमरान तो इमरान हैं। कुछ कलाकार इमरान जैसे होते हैं, जो लिप-सिंक के साथ म्यूजिक को भी उसी तरह पेश करते हैं, जैसे अपनी शानदार परफॉर्मेंस देते हैं। म्यूजिक को इतनी अच्छी तरह से पर्दे पर पेश करना भी बहुत बड़ी बात है।'

## मनीष हुआ घर से बाहर, सलमान ने खोले सभी घरवालों के राज

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' जैसे-जैसे अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है, इसमें कंटेस्टेंट्स का गेम और भी मजबूत होता जा रहा है। एक तरफ जहां कुछ प्रतियोगी की दोस्ती में दरार आ रही है, तो कहीं नई दोस्ती देखने को मिल रही है। रविवार को वीकएंड का वार में एक भावुक पल देखने को मिला, जहां शो के कंटेस्टेंट मनीष गोयल को मेडिकल कंडिशंस के चलते शो से जाना पड़ा। सलमान ने खुद इस बात का जिक्र करते हुए कहा कि अगर आज मनीष अपनी सेहत के चलते बाहर नहीं हुए होते, तो घर से कोई और नॉमिनेट होता क्योंकि मनीष को सबसे कम वोट नहीं मिले थे। इस दौरान उन्होंने सभी घरवालों के व्यवहारों पर बात की और बताया कि जब-जब उनसे जुड़ा कोई मुद्दा उठा, तब-तब उनका इरादा क्या था।



## फुलेरा में आई नई सत्ता, बनराकस ने सचिव जी को किया टॉर्चर

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़े ओरिजिनल कंटेंट स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने सोमवार को देश की पसंदीदा कॉमेडी-ड्रामा सीरीज पंचायत सीजन 5 का आधिकारिक ट्रेलर जारी किया। सत्ता की नई कुर्सी और ड्रामे के नए दौर के साथ पंचायत अपने नए सीजन में एक बार फिर लौट आई है। इस बार दर्शकों को भावनाओं, दिल छू लेने वाले पलों और ग्रामीण भारत की बेबाक और अनोखी झलक का भरपूर मेल देखने को मिलेगा। यह सीरीज 3 दिसंबर को भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर होगा। पंचायत सीजन 5



का ट्रेलर फुलेरा में शुरू हो रहे ड्रामे की एक मजेदार झलक दिखाता है, जहां अब कुर्सी किसी और के हाथ में आ गई है, लेकिन मुश्किलें अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रधानजी (रघुबीर यादव) को गद्दी के बिना अपनी जिंदगी की नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में मुश्किल हो रही है, वहीं सचिव जी (जितेंद्र कुमार) अपनी निजी महत्वाकांक्षाओं, दोस्ती और पंचायत की बदलती राजनीति के बीच संतुलन बनाने में लगे हैं। इसी बीच, रिंकी (संविका) के साथ उनकी प्रेम कहानी में ऐसा मोड़ आता है, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। जाने-पहचाने चेहरों, नई चुनौतियों और छोटे शहर के ढेर सारे ड्रामे के साथ फुलेरा एक बार फिर हंगामे के लिए तैयार है। क्या सचिव जी को आखिरकार अपना मनचाहा प्यार मिल पाएगा और क्या नए प्रधानपति यह साबित कर पाएंगे कि वे फुलेरा की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं।

## 16 भाषाओं में गाए 4000 गाने, रफी और किशोर जैसा नहीं मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के लीजेंड सिंगर्स के बारे में जिक्र किया जाए तो उनमें मन्ना डे का नाम जरूर शामिल होता है। बतौर प्लेबैक सिंगर मन्ना डे का कॅरियर काफी शानदार रहा। अपने बेहतरीन गीतों की वजह से उन्हें आज भी याद किया जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि गायिकी का अद्भुत हुनर रखने वाले मन्ना डे को कभी भी मोहम्मद रफी, मुकेश और किशोर कुमार जैसे गायकों की तरह सम्मान नहीं मिला। हालांकि, वह इससे कई ज्यादा के हकदार थे। 1 मई 1919 में कोलकाता में जन्में मन्ना डे का असली नाम प्रबोध चंद्र डे था। लेकिन उनके परिवार वाले उन्हें प्यार से मन्ना कहकर पुकारते थे



और इसी वजह से उनका नाम मन्ना डे पड़ा था। मन्ना डे के पिताजी चाहते थे कि वह वकालत करें, लेकिन कॉलेज के दिनों में पहलवानी और बॉक्सिंग में चैंपियन रहने वाले मन्ना डे की किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 1942 में मन्ना डे अपने चाचा के साथ मुंबई आ गए। इससे पहले वह कोलकाता से शास्त्रीय संगीत की शिक्षा प्राप्त करके आए थे। मुंबई आकर बतौर गायक मन्ना डे को पहला ब्रेक 1943 में आई फिल्म तमन्ना के जागो आई उष पंछी बोले जागो से मिला और यहीं से बतौर सिंगर का कॅरियर शुरू हुआ था।

मन्ना डे को सबसे अधिक लोकप्रियता 1950 में आई फिल्म मशाल के ऊपर गगन विशाल... से मिली थी। इसके बाद अमर भूपाली नाम की मूवी के गानों को गाकर मन्ना डे की किस्मत का सितारा रातोंरात चमक गया था। इस तरह से 1942 से लेकर 2013 के दौरान बतौर गायक मन्ना डे 16 भाषाओं में 4 हजार से अधिक गाना गाए।

### हनुमान अंश से ढाई चाल तक ये फिल्में-सीरीज देंगी दस्तक

## ओटीटी पर नवंबर के आखिरी वीक में होगा मनोरंजन का धमाका

नई दिल्ली। सिनेमाघर गुलजार हैं। 'रामायण' फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। धनुष और साई पल्लवी की फिल्म 'ओम' भी थिएटर्स में सज चुकी है। दूसरी तरफ ओटीटी पर भी मनोरंजन का धमाका हो रहा है। इस वीक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर क्या-क्या आ रहा है? जानिए



### हनुमान अंश

इस साल अपने करिश्माई बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से हर किसी को चौंकाने वाली यह फिल्म अब ओटीटी पर आ रही है। महज दो करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में खूब शानदार प्रदर्शन किया। करीब तीन महीने तक यह थिएटर्स में सजी रही और 342.74 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। अब यह ओटीटी पर इस वीक रिलीज होगी। इसे दर्शक 27 नवंबर से सोनी लिव पर देख सकेंगे। यह नीब करौरी बाबा के जीवन से प्रेरित आध्यात्मिक बायोपिक ड्रामा फिल्म है।

### ढाई चाल

यह एक स्टूडेंट-पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज है। इसमें गगन अरोड़ा और आदिल खान अहम भूमिका में हैं। इस सीरीज का प्रीमियर 27 नवंबर से जियो हॉटस्टार पर होगा। बता दें कि 'ढाई चाल' सीरीज की कहानी लेखक नवीन चौधरी के बेस्टसेलर उपन्यासों 'जनता स्टोर' और 'ढाई चाल' पर आधारित है।






### ब्लेड रनर 2099

यह एक साई-फाई सीरीज। आठ एपिसोड वाली यह सीरीज 25 नवंबर से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह ब्लेड रनर (1982) और ब्लेड रनर 2049 (2017) फिल्मों की अगली कड़ी है। मिशेल यो, हंटर शेफर और टॉम बर्क अहम भूमिकाओं में हैं।

### दृश्यम- द कन्क्लूजन'

अजय देवगन की लोकप्रिय फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त भी इस सप्ताह को खास बनाएगी। सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद 'दृश्यम 3' अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। यह फिल्म 27 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि अपनी थिएटर रिलीज के दौरान यह भारत में 300 करोड़ क्लब में शामिल हो चुकी है। वहीं, वर्ल्डवाइड इसने 500 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया है।






### द हंटिंग वाइव्स सीजन 2

अगर आपको क्राइम ड्रामा और थ्रिलर सीरीज में दिलचस्पी है तो इसका विकल्प आपके लिए हैं। इस सप्ताह 'द हंटिंग वाइव्स' का दूसरा सीजन स्ट्रीमिंग को तैयार है। इसमें ब्रिटनी स्नो और मालिन एकरमैन अपने किरदारों में दिखेंगी। दोनों के बीच इस बार तनाव बढ़ता दिखाई देगा। 'द हंटिंग वाइव्स सीजन 2' 26 नवंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

# एटीपी फाइनल्स के सरताज बने अल्काराज

## शीर्ष वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव को हराकर दिग्गज की कतार में शामिल

एजेंसी ▶▶| तूरिन

कार्लोस अल्काराज ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस तरह से वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने और एटीपी फाइनल्स जीतने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। अल्काराज ने एटीपी फ़ाइनल्स के चैंपियनशिप मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव को 6-2, 7-6 (7) से हराया।

इससे वह चारों ग्रैंड स्लैम और सत्र की इस अंतिम प्रतियोगिता को जीतने वाले खिलाड़ियों के विशेष क्लब में शामिल हो गए हैं।आंद्रे अगासी, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच इस विशिष्ट कलम में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं।

### कार्लोस ने जीता कॅरियर का 30वां खिताब

स्पेन के इस खिलाड़ी ने जर्मन खिलाड़ी के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया। उन्होंने आक्रामक बेसलाइन प्ले और रणनीतिक बदलावों का शानदार तालमेल बिठाते हुए अपने कॅरियर का 30वां और इस सीजन का छठा खिताब जीता। इस जीत के साथ वह मैनुअल ओरेंट्स (1976) और एलेक्स कोरेटजा (1998) के बाद एटीपी फाइनल्स की ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए हैं।



### मेरे लिए गर्व की बात : अल्काराज

*अल्काराज ने कहा, 'मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मेरा नाम इन दिग्गज खिलाड़ियों के साथ जुड़ गया है।' ज्वेरेव ने भी अल्काराज की तारीफ करते हुए कहा, 'आप हमारे खेल के एक सच्चे दिग्गज हैं और आपकी उम्र केवल 23 वर्ष है।'*

### अल्काराज ने जीती दो घंटे और एक मिनट में चैंपियनशिप

पहला सेट काफी हद तक अल्काराज के नियंत्रण में रहा, लेकिन दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया, जब 23 वर्षीय अल्काराज के सामने लगातार तीन सेट प्वाइंट आ गए। 3-6 से पिछड़ने के बावजूद, उन्होंने गजब का संयम दिखाया और अगले सात में से छह प्वाइंट जीतकर ज्वेरेव की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उन्होंने दो घंटे और एक मिनट में चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।

## भारत के खिलाफ पहला टेस्ट मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा न्यूजीलैंड

# 43 ओवर तक टिके मिचेल-फिलिप्स भारतीय टीम के हाथ से फिसली जीत

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स ने बेसिन रिजर्व की बेजान पिच पर अपनी रक्षात्मक तकनीक का अच्छा नमूना पेश करते हुए 43 ओवर तक कोई विकेट नहीं गिरने दिया, जिससे न्यूजीलैंड भारत के खिलाफ पहला टेस्ट क्रिकेट मैच ड्रॉ कराने में सफल रहा। मिचेल (186 गेंदों पर नाबाद 49) और फिलिप्स (126 गेंदों पर नाबाद 26) ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने न्यूजीलैंड के 5 विकेट 176 रन पर निकालकर जीत की उम्मीद जगा दी थी। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 63 रन की अटूट साझेदारी की।

न्यूजीलैंड ने जब अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 239 रन बनाए थे तब दोनों कप्तान मैच ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। भारत ने न्यूजीलैंड के 368 रन के जवाब में अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 720 रन पर समाप्त घोषित करके 352 रन की बढ़त हासिल की थी।



### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पहुंचने की संभावनाओं को झटका

मैच के ड्रॉ होने से भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को झटका लगा है, क्योंकि उसका अंक प्रतिशत 51.52 से गिरकर 50 हो गया है, हालांकि वह तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है। न्यूजीलैंड भी दूसरे स्थान से खिसककर तीसरे स्थान पर आ गया है, जिसका अंक प्रतिशत 66.67 है। दक्षिण अफ्रीका 75 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि ऑस्ट्रेलिया 69.23 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

### मिचेल और फिलिप्स ने की बेहद रक्षात्मक बल्लेबाजी

दिन भर तेज हवा चल रही थी और आसमान में कुछ बादल भी थे, लेकिन पिच में ऐसी कोई खामी नहीं थी, जिससे बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाने वाले बल्लेबाजों को किसी तरह की परेशानी हो। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज गेंद की सीधी रेखा में खेल सकते थे और असमान उछाल की चिंता किए बिना बचाव कर सकते थे। सीमित ओवरों के धाकड़ बल्लेबाज मिचेल और फिलिप्स ने दिखाया कि वह जरूरत पड़ने पर बेहद रक्षात्मक बल्लेबाजी भी कर सकते हैं।

### गिल ने किए गेंदबाजी में लगातार बदलाव

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने गेंदबाजी में लगातार बदलाव किए लेकिन इसका कोई फायदा नहीं मिला। न्यूजीलैंड के रक्षात्मक रवैए का अंदाजा इससे ही लग सकता है कि उसने अंतिम दिन 75 ओवर का सामना किया और केवल 120 रन बनाए।

### सिराज को टीम से बाहर रखना मुश्किल फैसला था : गिल

किसी करीबी दोस्त को टीम से बाहर रखना आसान नहीं होता विशेषकर तब जबकि उनका टेस्ट करियर एक साथ आगे बढ़ा हो। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश से बाहर रखने के लिए भारतीय कप्तान शुभमन गिल को व्यक्तिगत संबंधों को दरकिनार करना पड़ा। गिल ने कहा, 'सिराज बेहतरीन खिलाड़ी और शानदार गेंदबाज हैं, जिन्होंने भारत के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इन सबसे पहले वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमने एक साथ पदार्पण किया था और भारत की तरफ से खेलने से पहले भी हम बहुत अच्छे दोस्त थे।' उन्होंने कहा, 'इसलिए उन्हें टीम से बाहर रखना मेरे लिए वास्तव में बहुत मुश्किल फैसला था लेकिन कभी-कभी आपको इस पर गौर करना होता है कि कौन से गेंदबाज फॉर्म में हैं, कौन से गेंदबाज सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर रहे हैं।' गिल ने कहा कि उन्होंने मैच से पहले व्यक्तिगत रूप से सिराज से बात करके उन्हें बाहर रखने के फैसले के बारे में सूचित किया था। उन्होंने कहा, ' मेरी उनसे बात हुई थी और मैंने मैच से पहले ही उन्हें बता दिया था कि वे यह मैच नहीं खेल पाएंगे। मुझे नहीं पता कि वह इस फैसले से सहमत थे या नहीं लेकिन उन्हें इसके पीछे का तर्क समझ आ गया था। उन्हें समझ आ गया था कि हमने उनकी जगह किसी और को क्यों चुना।'

## खबर संक्षेप



### अबूधाबी नाइट राइडर्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया

**दुबई।** अबूधाबी नाइट राइडर्स ने ऑलराउंड खेल का प्रदर्शन करते हुए दुबई कैपिटल्स को 55 रन से हराकर डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। नाइट राइडर्स की तरफ से फिन एलन (38 गेंदों में 74 रन) और आंद्रे फ्लेचर (49 गेंदों में 55 रन) ने पहले विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की, जिससे उसकी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 167 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में कैपिटल्स की टीम 17.5 ओवर में 112 रन पर आउट हो गई। नाइट राइडर्स की तरफ से उस्मान तारिक के 27 रन देकर चार और मोहम्मद रोहिद के 11 रन देकर तीन विकेट लिए। कैपिटल्स के लिए केवल मार्कस स्टोइनिस ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने 32 गेंद पर 47 रन बनाए।

### नीलामी की मेज से दूर रहेंगे धोनी : इरफान



**नई दिल्ली।** इरफान पठान का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल 2027 की नीलामी के दौरान टीम प्रबंधन के साथ बोली लगाने की मेज पर नजर नहीं आएंगे। वह मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने और अपने अनुभव से उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी निभाएंगे। आईपीएल की नीलामी 16 दिसंबर को गोवा में होगी। पठान ने कहा, 'मैं जितना धोनी को जनता हूं, मुझे नहीं लगता कि वह नीलामी की मेज पर बैठेंगे।' उन्होंने कहा, 'वह मेंटोर हैं और नीलामी में बैठना उनकी भूमिका नहीं है। उनका काम खिलाड़ियों को सही दिशा दिखाना, अपना अनुभव साझा करना, उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करना और उन्हें सीएसके के लिए मैच जीतना सिखाना है। बोली लगाने और नीलामी से जुड़े फैसले टीम प्रबंधन पर छोड़ दिए जाएंगे।'

# अफगानिस्तान-ए ने हांगकांग को 7 विकेट से हराया

## एशिया कप राइजिंग स्टार्स

एजेंसी ▶▶| दोहा

एसीसी मेंस एशिया कप राइजिंग स्टार्स में अफगानिस्तान-ए ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हांगकांग, चीन को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान-ए ने हांगकांग से मिले 67 रनों के लक्ष्य को महज 10.2 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान-ए टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। हसन ईसाखिल महज 2 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बहिर शाह महज एक रन बनाकर पवेलियन लौटे।

कप्तान इमरान मीर 13 गेंदों में 2 चौकों की मदद से 15 रन बनाने के बाद आउट हुए। हालांकि, दरवेश रसूली ने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया। दरवेश 30 गेंदों में 50 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं, इशाक रहीमी 2 रन बनाकर नाबाद रहे। हांगकांग, चीन की तरफ से गेंदबाजी में आयुष शुक्ला ने 5 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट निकाले, जबकि एहसान खान ने एक विकेट अपने नाम किया।



### हांगकांग के बल्लेबाजों ने टेके अफगानिस्तान के स्पिनर्स के आगे घुटने

इससे पहले, हांगकांग के बल्लेबाजों ने अफगानिस्तान के स्पिनर्स के आगे आसानी से घुटने टेक दिए। टीम की शुरुआत ही बेहद खराब रही। रेयांश शर्मा महज 6 रन बनाकर आउट हुए, जबकि बाबर हयात एक रन ही बना सके। अब्दुल समद खान 2 रन और शाहिद वासिफ बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। एजाज खान महज 11 रन बनाकर आउट हुए, तो कप्तान यासिम मुर्तजा 36 गेंदों का सामना करने के बाद 19 रन बनाकर आउट हुए। एहसान खान ने 3 रन बनाए। हांगकांग के चार बल्लेबाज अपना खाता तक नहीं खोल सके। वहीं, सिर्फ तीन ही बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार कर सके।

## विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी

# श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4 रनों से हराया

एजेंसी ▶▶| अजमान

आईसीसी विमेंस इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के सुपर सिक्स राउंड में श्रीलंका ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 4 रनों से हराया। श्रीलंका से मिले 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। कारवां क्रिकेट ग्राउंड पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत बेहद खराब रही।

■ इमेशा दुलानी की दमदार पारी

गुल फिरोजा बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। इसके बाद शवाल जुल्फिकार भी सिर्फ 7 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटीं। कप्तान मुनीबा अली भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और वह 7 रन बनाकर आउट हुईं। ओमैमा सोहेल ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। आयशा जफर 9 रन बनाकर आउट हुईं। ईमान फातिमा 10 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। श्रीलंका की ओर से गेंदबाजी में सत्या संदीपनि ने 4 ओवर में 29 रन देकर 3 विकेट चटकाए। वहीं, सुगंधिका कुमारी ने 4 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट झटके।

विश्मी गुणरत्ने और संजना कविंदी ने श्रीलंका को सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 29 रन जोड़े। इमेशा दुलानी अच्छी लय में नजर आईं और उन्होंने महज 38 गेंदों का सामना करते हुए 56 रनों की दमदार पारी खेली। हसिनी परेरा 13 रन ही बना सकीं। पाकिस्तान की तरफ से गेंदबाजी में उम्म-ए-हानी ने 4 ओवर के स्पेल में 17 रन देकर 3 विकेट निकाले।

## टेनिस

# अबू धाबी ओपन में तीसरी बार खेलेंगी एलेक्जेंड्रा



एजेंसी ▶▶| अबूधाबी

एलेक्जेंड्रा एला वर्ष 2027 में होने वाले अबू धाबी ओपन में तीसरी बार हिस्सा लेंगी। उनकी टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि हो गई है। 21 वर्षीय एला फिलीपींस की सबसे सफल महिला टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली फिलीपीनो खिलाड़ी हैं, जो इस समय वर्ल्ड नंबर 15 हैं। साल 2024 और 2026 में डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में दो बार हिस्सा लेने के बाद, वह तीसरी बार यूएई की राजधानी जा रही हैं। साल 2025 में 140वें नंबर पर रहने के बाद, फिलहाल 15वें नंबर पर पहुंच गई हैं। इस दौरान, उन्होंने अगस्त की शुरुआत में वाशिंगटन में अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर-लेवल सिंगल्स खिताब जीता। साथ ही, इस साल विंबलडन में वह पहली बार चौथे राउंड तक पहुंचीं, जो उनका अब तक का सबसे बेहतरीन ग्रैंड स्लैम प्रदर्शन रहा।

### अबू धाबी लौटने को लेकर बहुत उत्साहित हूं : एला

एला ने कहा, मैं तीसरी बार मुबादाला अबू धाबी ओपन के लिए अबू धाबी लौटने को लेकर बहुत उत्साहित हूं, खासकर इसलिए क्योंकि इस बार टूर्नामेंट की पांचवीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यूएई में मौजूद फिलीपीनो समुदाय और प्रशंसकों का उत्साह यहां खेलने के अनुभव को और भी खास बना देता है। "बतौर खिलाड़ी मैंने लगातार खुद को बेहतर बनाया है और मैं इस अनुभव को इस साल अबू धाबी में, टूर पर अपनी पसंदीदा सतह पर फिर से आजमाने के लिए उत्साहित हूं।

# यूएई के खिलाफ मुकाबला आज भारतीय गेंदबाजों को दिखाना होगा दम

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारतीय टीम को अगर एशिया कप राइजिंग स्टार्स 50 ओवर क्रिकेट टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करनी है तो मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ होने वाले मैच में उसके गेंदबाजों को अनुशासित प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय गेंदबाज रविवार को ग्रुप बी के एक मैच में पाकिस्तान ए के बल्लेबाजों पर प्रभाव छोड़ने में



नाकाम रहे। गेंदबाजों को उस तरह का प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने नेपाल के खिलाफ किया था। भारत ने उस मैच में नेपाल को केवल 26 रन पर आउट कर दिया था। लेकिन भारतीय गेंदबाज पाकिस्तान के खिलाफ अपनी उस आक्रामकता को दोहराने में नाकाम रहे। इस मैच में कामचलाऊ गेंदबाज आयुष बडोनी ने हर्षित राणा, प्रिंस यादव और शाहबाज अहमद जैसे नियमित गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन किया। यूएई के खिलाफ जीत मिलने से भारत के तीन मैच में चार अंक हो जाएंगे और वह सेमीफाइनल में जगह बना लेगा।

## सिंधू, लक्ष्य और श्रीकांत नहीं ले रहे हिस्सा

# खिताबी हैट्रिक पर त्रिसा-गायत्री की नजरें

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

गत चैंपियन त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की नजरें मंगलवार से शुरू हो रहे सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताब की हैट्रिक पर लगी होंगी। शीर्ष सितारे पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन, सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी और किदाम्बी श्रीकांत इसमें नहीं खेल रहे हैं।

इससे 250000 डॉलर ईनामी राशि के इस टूर्नामेंट में भारत के वे ही खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिन्होंने इस साल सुपर 300 और सुपर 500 सर्किट पर शीर्ष खिलाड़ियों को हराया और खिताब जीते। महिला एकल में आठ वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में से पांच भारतीय हैं।

### आज से सैयद मोदी बैडमिंटन टूर्नामेंट



### देविका का सामना तान्या से

थाईलैंड मास्टर्स खिताब जीतने वाली देविका सिहाग भी इसमें खेल रही हैं, जिनका सामना हमवतन तान्या हेमंत से होगा। सत्रह वर्ष की तन्वी ने अगस्त में ताइपै ओपन जीता था और वह पहले दौर में मलेशिया की गोह जिन वेइ से खेलेंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई मास्टर्स विजेता अष्मिता चालिहा का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा। उन्नति हुड्डा का सामना यूक्रेन की येवहेनिया के से होगा। ईशारानी बरुआ की टक्कर इंडोनेशिया की टी रमादानी विरयावान से होगी। रक्षिता रामराज का सामना पहले दौर में क्वालीफायर से होगा। मानसी सिंह थाईलैंड की सुपनिदा केटथोंग से खेलेंगी जबकि आकर्षि कश्यप का सामना मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से और अनुपमा उपाध्याय की टक्कर क्वालीफायर से होगी।

### प्रणय और यिंग में होगी भिड़ंत

पुरुष एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय पहले दौर में चीनी ताइपै के वू झे यिंग से खेलेंगे। आठवीं वरीयता प्राप्त तरुण मन्नेपल्ली का सामना इंग्लैंड के हैरी हुआंग से होगा जबकि ओडिशा मास्टर्स विजेता किरण जॉर्ज इंडोनेशिया के रिची रिचार्डो से खेलेंगे। मिथुन मंजूनाथ कोरिया के जियोन हियोग जिन के खिलाफ आगाज करेंगे। वहीं तुषार सुवीर की टक्कर मलेशिया के जस्टिन होह से होगी। एस शंकर मुथुस्वामी का सामना मलेशिया के ली जि जिया से होगा। रौनक चौहान हमवतन गिनपॉल सोन्ना से खेलेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिखाई सख्ती, केंद्र सरकार से चुनाव आयोग तक से किए जवाब-तलब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दल-बदल, नेताओं के राजनीतिक बयानों, दिल्ली-एनसीआर प्रदूषण और बंगाल एसआईआर मामले में अहम निर्देश दिए। दल-बदल पर इस्तीफे से अयोग्यता न टालने, नेताओं के बयानों पर न्यायिक हस्तक्षेप की सीमा स्पष्ट करने, प्रदूषण पर पांच साल का प्लान बनाने और हटाए गए मतदाताओं की अपीलों पर प्राथमिकता से सुनवाई के निर्देश दिए।

केंद्र और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

## इस्तीफा देकर दल-बदल की कार्रवाई से नहीं बच सकेंगे विधायक-सांसद

दल-बदल विरोधी कानून में बदलाव की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, लॉ कमीशन और कानून व संसदीय कार्य मंत्रालय से जवाब मांगा है। याचिका में मांग की गई है कि विधायक और सांसद अयोग्यता की कार्रवाई से बचने के लिए इस्तीफा न दे सकें। याचिकाकर्ता का कहना है कि कई बार नेता स्पीकर के अयोग्यता पर फैसला सुनाने से पहले ही पद छोड़ देते हैं, जिससे चुनी हुई सरकारों का बहुमत खतरे में पड़ जाता है और सरकार गिरने की स्थिति बन सकती है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने मामले में नोटिस जारी किया।

- अयोग्यता और इस्तीफे पर समयबद्ध फैसले की मांग

राजनीति रोकना हमारा काम नहीं

## एजेंडा उठाने से हम नहीं रोक सकते हैं मामला सीजेआई की बेंच को ट्रांसफर

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजनीतिक नेताओं के बयानों से न्याय व्यवस्था में बाधा पड़ने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की- राजनीतिक दलों को अपना एजेंडा उठाने से कैसे रोक सकते हैं? जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की बेंच ने मामले को उस बेंच के सामने रखने को कहा, जो सीजेआई सूर्यकांत के खिलाफ वकील की आपत्तिजनक टिप्पणी पर अवमानना मामले की सुनवाई कर रही है। यह याचिका दो वकीलों अदिति यादव और विकास तिवारी ने दाखिल की है। इसमें आरोप लगाया गया है कि कुछ नेताओं, सांसदों और अन्य लोगों के बयानों से गरिमा प्रभावित हुई है।

- आपत्तिजनक टिप्पणी पर अवमानना मामले की सुनवाई

कमर्शियल वाहन को बॉर्डर पर रोकें

## दिल्ली अकेली प्रदूषण की जिम्मेदार नहीं सरकार 5 साल का प्लान बनाकर दे

दिल्ली-एनसीआर में हर साल सर्दियों के दौरान होने वाले प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण के लिए सिर्फ दिल्ली को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। कोर्ट ने दिल्ली में केवल बीएस-6 वाहनों के संचालन का सुझाव देते हुए प्रदूषण नियंत्रण के लिए पांच साल का दीर्घकालिक प्लान मांगा है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ वायु प्रदूषण के मामले की सुनवाई कर रही है। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण फैलाने वाले व्यावसायिक वाहनों की एंट्री रोकने की योजना बनाई जाए, लेकिन जरूरी सामानों की आपूर्ति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। बैटरी या अन्य प्रदूषण रहित वाहनों का सुझाव दिया।

- दिल्ली में केवल बीएस-6 वाहनों के संचालन का सुझाव दिया

एसआईआर पर सख्त रुख अपनाया

## वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों पर पहले करें सुनवाई, ट्रिब्यूनल बढ़ाएं

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि मतदाता सूची से हटाए गए नामों के खिलाफ दाखिल अपीलों पर पहले सुनवाई की जाए, जबकि नए नाम जोड़ने के विरोध में दायर अपीलों को फिलहाल प्राथमिकता न दी जाए। कोलकाता नगर निगम क्षेत्र के उन मतदाताओं की अपीलों पर विशेष प्राथमिकता देने को कहा गया है, जिनके नाम सूची से हटाए गए हैं, क्योंकि वहां जल्द चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श कर अपीलीय ट्रिब्यूनल की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया।

- ट्रिब्यूनल के लिए जगह तलाशने को कहा

## खबर संक्षेप

### नौ महीने में एक करोड़ एचपीवी टीके लगे

**नई दिल्ली।** भारत में लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभियान के तहत नौ महीने से भी कम समय में एक करोड़ से अधिक टीके लगाए जा चुके हैं। इससे 14 साल की पात्र लड़कियों के वार्षिक लक्ष्य का करीब 87 प्रतिशत पूरा हो गया है।




### रेलवे स्टेशन के पास तीन एटीएम में लगी आग

**नई दिल्ली।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 के पास तीन एटीएम में आग लग गई। इनमें यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का एक और बैंक ऑफ बड़ौदा के दो एटीएम शामिल हैं। दमकल विभाग को मिली, जिसके बाद दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग से एटीएम के पीछे बने सीसीटीवी कक्ष का एसी भी प्रभावित हुआ।



### सियासी झगड़े छोड़ें विकास पर ध्यान दें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पार्टी नेताओं को आपसी राजनीतिक विवाद छोड़कर केरल के विकास पर ध्यान देने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और राजनीतिक खींचतान से बचना चाहिए। थरूर ने विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।



### बंगाल में युवाओं को हर महीने 2 हजार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार जनवरी से बेरोजगार युवाओं के लिए मासिक भत्ता योजना शुरू करेगी। इसके तहत ग्रेजुएट और डिप्लोमा धारकों को हर महीने 2,000 रुपए, जबकि गैर-ग्रेजुएट युवाओं को 1,500 रुपए दिए जाएंगे। योजना के तहत 21 से 45 साल के युवाओं को लाभ मिलेगा।



भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने किया पलटवार

# भारत विरोधी ताकतों के हाथों खेल रहे राहुल देश की छवि खराब करने में जुटे

एशिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बना भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोवी इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट का हवाला देकर रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता के आर्थिक संकट वाले बयान पर किया पलटवार, विदेश में भारत के बारे में बोलने से पहले तथ्यों का अध्ययन करने की दी सलाह

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था और देश की छवि को लेकर दिए जा रहे बयानों पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशों में भारत की आर्थिक स्थिति को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं और भारत विरोधी ताकतों के हाथों में खेल रहे हैं। प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को देश के बारे में विदेश में टिप्पणी करने से पहले तथ्यों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों का अध्ययन करना चाहिए। दिल्ली में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविशंकर प्रसाद ने ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट की एशिया पावर इंडेक्स 2026 रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत एशिया की तीसरी प्रमुख शक्ति के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है। उन्होंने राहुल गांधी के भारत में आर्थिक संकट होने संबंधी बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट देश की बढ़ती ताकत और क्षमता को सामने रखती हैं, लेकिन कांग्रेस नेता इन तथ्यों को नजरअंदाज कर रहे हैं। रविशंकर प्रसाद के मुताबिक, लोवी इंस्टीट्यूट की एशिया पावर इंडेक्स 2026 रिपोर्ट में 27 देशों और क्षेत्रों का 131 संकेतकों के आधार पर आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट में भारत को 40.5 अंक मिले हैं और वह एशिया की तीसरी प्रमुख शक्ति है। भारत का कुल स्कोर पिछले साल के मुकाबले 0.5 अंक बढ़ा है। भविष्य के संसाधनों की श्रेणी में भारत को 56.2 अंक मिले हैं और वह इस मामले में भी एशिया में तीसरे स्थान पर है। प्रसाद ने इन आंकड़ों को भारत की आर्थिक और सामरिक क्षमता का प्रमाण बताते हुए राहुल गांधी के बयानों पर सवाल उठाए।

**भारत का कुल स्कोर पिछले साल के मुकाबले 0.5 अंक बढ़ा**



राहुल गांधी



रविशंकर

### अर्थव्यवस्था पर राहुल के बयान से भड़की भाजपा

राहुल गांधी ने 18 नवंबर को अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता जताई थी।भारत बड़े आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। साथ ही बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था और विनिर्माण क्षेत्र की चुनौतियों का भी उल्लेख किया था। इसी बयान पर पलटवार करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को संसद में भी कई बार तथ्यों के आधार पर जवाब दिया जा चुका है, वह न तो खुद रिपोर्ट पढ़ते हैं और न ही उनके आसपास के लोग तथ्यों का अध्ययन करते हैं।

### प्रधानमंत्री पर टिप्पणी को भी बताया अनुचित

रविशंकर प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणियों पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति जिस तरह की भाषा और टिप्पणियां की जा रही हैं, वह उचित नहीं है।

### गौरव भाटिया ने बताया एंटी-इंडिया प्रोपेगेंडा



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी के बयान को निराधार बताते हुए उन पर विदेश में भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेश दौरे पर जाकर बार-बार गलत बयान देते हैं और उनका उद्देश्य भारत की प्रगति तथा अंतरराष्ट्रीय छवि को कमजोर करना है। भाटिया ने राहुल को गैर-जिम्मेदार नेता बताते हुए कहा कि उनके बयानों से देश के नागरिकों को शर्मिंदगी महसूस होती है।

### अनुराग ठाकुर ने भी साधा निशाना



पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल शायद ऐसे पहले नेता हैं, जो विदेश जाकर अपने ही देश को बदनाम करते हैं। ठाकुर ने कहा कि विपक्ष के नेता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की उपलब्धियां बहुत हैं।

### प्रदीप भंडारी ने लगाए गंभीर आरोप



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने राहुल गांधी पर भारत विरोधी प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि भारत की प्रगति और लोकतंत्र के प्रति राहुल गांधी की नकारात्मक सोच उनके विदेश में दिए बयानों में दिखाई देती है।

गोधरा के दोषी की सजा निलंबित

# 17 साल से जेल में बंद दोषी को मेडिकल आधार पर जमानत दी

**अब तक 31 में 11 को मिली राहत**

- **31** पाए गए दोषी
- **11** फांसी की सजा
- **20** उम्र कैद



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को गोधरा ट्रेन अग्निकांड के दोषी इरफान सिराज पाड़ा की सजा निलंबित कर दी। कोर्ट ने उसे मेडिकल आधार पर जमानत दी है। गुजरात सरकार ने उसकी मेडिकल स्थिति पर आपत्ति नहीं जताई।इरफान को 2025 में भी समय से पहले रिहाई की मांग पर राज्य सरकार से विचार कराने के लिए अंतरिम पैरोल मिली थी। इस मामले में कुल 31 लोग दोषी ठहराए गए थे। इनमें से अब तक 11 को जमानत मिल चुकी है। 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगने से 58 लोगों की मौत हो गई थी। ट्रेन में अयोध्या से लौट रहे कारसेवक सवार थे। इस घटना के बाद गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क गए थे। मार्च 2011 में ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में 31 लोगों को दोषी ठहराया था। इनमें 11 को फांसी और बाकी 20 को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। 63 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया था। 2017 में गुजरात हाईकोर्ट ने 11 दोषियों की फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया था। बाकी 20 दोषियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी थी। दोषियों की अपील 2018 से सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। 13 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने दोषी अब्दुल रहमान धंतिया उर्फ कंकट्टो उर्फ जंबूरो को छह महीने की अंतरिम जमानत दी थी। उसकी पत्नी को अंतिम चरण का कैंसर था और उसकी बेटियां मानसिक रूप से दिव्यांग थीं। 11 नवंबर 2022 को कोर्ट ने उसकी जमानत 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी थी। दिसंबर 2022 में एक अन्य दोषी फारूक को जमानत दी गई।

**27**
**फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 कोच में आग लगने से 58 लोगों की मौत हो गई थी**

### गोधरा कांड में 1 हजार से ज्यादा लोगों की मौत

गोधरा कांड के बाद भड़के दंगों में 1044 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 790 मुसलमान और 254 हिंदू थे। गोधरा कांड के एक दिन बाद 28 फरवरी को अहमदाबाद की गुलबर्ग हाउसिंग सोसाइटी में बेकाबू भीड़ ने 69 लोगों की हत्या कर दी थी। इन दंगों से राज्य में हालात इस कदर बिगड़ गए कि स्थिति काबू में करने के लिए तीसरे दिन सेना उतारनी पड़ी।

संरक्षण पुरस्कारों की समीक्षा

## समुद्री वन्यजीव संरक्षण पर जोर 133 विकास प्रस्तावों पर विचार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति की 92वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में समुद्री वन्यजीव संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान समुद्री जैव विविधता से संबंधित कई रिपोर्ट और प्रकाशन जारी किए गए। वहीं देशभर से आए 133 विकास प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। बैठक में वन्यजीव सप्ताह 2026 की रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इस वर्ष वन्यजीव सप्ताह आवासों को जोड़ना, वन्यजीवों को समृद्ध बनाना थीम पर आयोजित किया गया था। मंत्री ने संरक्षण के लिए शुरू की गई प्रमुख पहलों का उल्लेख करते हुए बक्सा में बाघों के पुनर्वास, राजस्थान में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड को जंगल में छोड़ने और प्रोजेक्ट चीता के तीसरे स्थल तक विस्तार को महत्वपूर्ण उपलब्धियां बताया। ये पहल वन्यजीव संरक्षण में वैज्ञानिक दर्शाती हैं।

कानून की समझ पर सुप्रीम कोर्ट हैरान

## सेशन जज से कहा- खुद को 'बाहुबली' न समझें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के एक सेशन कोर्ट के जज के फैसले और कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उनकी कानूनी समझ पर सवाल उठाए।

शीर्ष अदालत ने जज से कहा कि उनकी कानून की समझ देखकर हैरानी होती है। न्यायिक शक्तियों का इस्तेमाल करते समय खुद को बाहुबली समझने जैसा व्यवहार न करें। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ बिहार के रोहतास जिले के सासाराम के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-4 अनिल कुमार के मामले की सुनवाई कर रही थी। जज ने 29 सितंबर 2026 को तत्कालीन एसपी रौशन कुमार को अदालत के आदेशों की अवहेलना के आरोप में दोषी ठहराते हुए एक रुपए का प्रतीकात्मक जुर्माना लगाया था। जस्टिस बागची ने कहा कि अदालत में थप्पड़ मारना, अपमान करना या आदेश पर बाहर जाने से इनकार करना अपराध हो सकता है।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन का कांग्रेस पर हमला

## मोदी कहीं नहीं जाने वाले, वे 2029 में लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे,राहुल सपने देखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तेलंगाना के करीमनगर में आयोजित रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। वह 2029 में फिर लाल किले की प्राचीर पर नजर आएंगे। राहुल गांधी सपने देखते रहिए। उन्होंने दावा किया कि देश के युवा, किसान, महिलाएं, मजदूर और समाज के सभी वर्ग प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े हैं।

नितिन नवीन ने सोमवार को 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आयोजित रैली में कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि जनता और वोट भाजपा के साथ हैं। राहुल गांधी का दावा है कि 13 करोड़ लोगों के वोट चोरी हुए हैं, जबकि मतदाता सूची में ऐसे लोगों को शामिल करने की मांग की जा रही है, जिनके ठिकानों का सत्यापन नहीं हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि लाखों लोग स्थान बदल चुके हैं, ऐसे में उन्हें दो जगह मतदान की अनुमति कैसे दी जा सकती है।



करीमनगर में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ रैली में भाजपा अध्यक्ष ने साधा निशाना

कांग्रेस सपा के बीच नहीं बनी बात, बैठक फिर आज

## नजर 140 पर लिस्ट सौंपी 130 की... कांग्रेस की इटावा और मैनपुरी छोड़ सभी जिले में चुनाव लड़ने की तैयारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के दो प्रमुख घटक दलों कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सोमवार को सीटों के बंटवारे को लेकर पहली औपचारिक बैठक हुई। दिल्ली में कांग्रेस सांसद एवं वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी के आवास पर हुई इस बैठक में दोनों दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी प्राथमिकताएं और चुनावी रणनीति सामने रखी। बैठक के दौरान कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को लगभग 130 विधानसभा सीटों की सूची सौंपी, जिन पर वह आगामी विधानसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारना चाहती है। हालांकि बैठक करीब 15 से 20 मिनट ही चली, लेकिन दोनों दलों के नेताओं ने बातचीत को सकारात्मक और सौहार्दपूर्ण बताया।

सीटों की संख्या और उनके बंटवारे पर अभी अंतिम सहमति नहीं बनी है। दोनों दलों के प्रतिनिधियों के बीच मंगलवार को फिर बैठक होगी। नेताओं ने संकेत दिया है कि अगले दो से चार दिनों में सीटों के तालमेल को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यह बैठक इसलिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### ऐसी सीटों पर दावेदारी, जहां लोकसभा में प्रदर्शन बेहतर

बैठक से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को करीब 130 विधानसभा सीटों की सूची सौंपी है। दस अन्य सीटों पर बात बाद में होगी। पार्टी की इच्छा है कि उसे प्रदेश के लगभग हर जिले में कम से कम एक सीट पर चुनाव लड़ने का अवसर मिले। इस मांग में इटावा और मैनपुरी को छोड़कर अन्य जिलों की सीटें शामिल बताई गई हैं। कांग्रेस की इस सूची में उसके परंपरागत प्रभाव वाले क्षेत्रों के साथ-साथ ऐसी सीटें भी शामिल हैं, जहां पार्टी पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रदर्शन के आधार पर अपनी संभावनाएं देख रही है।

604 किमी के रास्ते में बदलती भाषा, संस्कृति का भी मिलेगा अनुभव

# 7 कोच वाली ट्रेन, दो देश और रामायण से जुड़े दो धाम... 19 घंटे में अयोध्या से जनकपुर

राम की नगरी से माता सीता के मायके तक सीधे रेल सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या से जनकपुर अब सिर्फ रामायण की कथा में ही नहीं, रेल की पटरी पर भी जुड़ गए हैं। भगवान राम की नगरी से माता सीता के मायके तक शुरू हुई सरयू-कमला एक्सप्रेस यात्रियों को दो देशों, दो संस्कृतियों और रामायण से जुड़े दो प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा एक ही ट्रेन में कराएगी। करीब 604 किमी का यह सफर लगभग 19 घंटे में पूरा होगा। ट्रेन का उद्घाटन 23 नवंबर को हुआ है, जबकि नियमित सेवा 28 नवंबर से शुरू होगी।

- सरयू-कमला एक्सप्रेस जोड़ेगी भारत-नेपाल के धार्मिक रिश्ते



**ट्रेन का भारतीय समय**

| | |
|---|---|
| अयोध्या कैंट से प्रस्थान (सोमवार) | शाम 5:50 बजे |
| पहुंचने का समय (मंगलवार) | दोपहर 12:25 बजे |
| जनकपुर से प्रस्थान (शनिवार) | दोपहर 12:55 बजे |
| अयोध्या कैंट पहुंचने का समय (रविवार) | सुबह 8:10 बजे |

**इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन**

1. अयोध्या धाम
2. मनकापुर
3. बस्ती
4. गोरखपुर
5. नरकटियागंज
6. रक्सौल
7. सीतामढ़ी
8. शीशो
9. मधुबनी
10. जयनगर
11. जनकपुर धाम

**धार्मिक यात्रा के साथ रिश्तों की रेल**

सरयू-कमला एक्सप्रेस केवल यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने वाली ट्रेन नहीं, बल्कि भारत और नेपाल के सांस्कृतिक तथा धार्मिक रिश्तों को मजबूत करने वाली कड़ी भी है। दोनों देशों के श्रद्धालुओं, पर्यटकों और परिवारों के लिए यह सीधा रेल संपर्क सुविधाजनक विकल्प बन सकता है।

### राम की नगरी से सीता के मायके तक

सीता की जन्मस्थली और राजा जनक की नगरी के रूप में धार्मिक मान्यता रखता है। दोनों स्थान रामायण परंपरा में बेहद महत्वपूर्ण हैं। अयोध्या से जनकपुर पहुंचने वाले श्रद्धालु राम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के बाद जानकी मंदिर में दर्शन कर सकेंगे।

### रास्ते में दिखेगा भारत-नेपाल का साझा संसार

ट्रेन अयोध्या, मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, मधुबनी और जयनगर जैसे क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। इस मार्ग पर यात्रियों को गंगा के मैदानी इलाके, बिहार के मिथिला क्षेत्र और नेपाल के तराई भूभाग की झलक मिलेगी।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in